22. श्रीमती आशिमा साहनी को 10 दिसंबर 2022 को 'ह्यूमन राइट्स ऑर्गेनाइजेशन सोशल एंड कम्युनिटी सर्विसेज' की ओर से एक प्रशंसा पत्र प्राप्त हुआ।
23. श्रीमती आशिमा साहनी ने 11 से 13 नवंबर 2022 को रेड क्रॉस भवन जालंधर में आयोजित 'कम्युनिटी सर्विस एंड सोशल सर्विस लुइस ब्रेल वेलफेयर एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड- की ओर से भाग लिया और उन्हें प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।
24. 7.3.2023 को अपाहिज आश्रम, जालंधर की ओर से सुश्री चेतना को अतिथि वक्ता के रूप में सम्मानित किया गया।
25. 9.3.2023 को 'इंडिया न्यूज़ इंडेक्स' की ओर से सुश्री चेतना को 'सिटी एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 23' प्रदान किया गया।
26. डॉ. गुरजोत ने एफ़ एम् रेडियो पर शहीद भगत सिंह पर साक्षात्कार दिया।
27. डॉ. विनोद कालरा ने आल इंडिया रेडियो पर अपनी एक चर्चा और एक वार्ता प्रस्तुत की।
28. डॉ. अनुशोभा ने जालंधर दूरदर्शन पर चर्चा में भाग लिया।
29. श्रीमती आशिमा साहनी ने जालंधर दूरदर्शन पर हुई चर्चा में भाग लिया।

प्राध्यापकों द्वारा आवेदित / सम्पन्न प्रोजेक्ट कार्य

1. फिलॉसफी विभाग से डॉ. एकता सैनी ने आईसीएसएसआर के पास 'फिलोसॉफिकल एनालिसिस ऑफ प्रॉब्लम ऑफ जेंडर डिस्क्रिमिनेशन एंड इट्स सॉल्यूशन : विद स्पेशल रेफरेंस टू सिक्खिजम' विषय पर एक रिसर्च प्रोजेक्ट के लिए आवेदन किया।
2. केमिस्ट्री विभाग की डॉ. मनदीप कौर और डॉ.. नरेंद्र जीत कौर ने डीएसटी पावर की ओर से 'इवैल्यूएशन ऑफ बायोलॉजिकल एक्टिविटी ऑफ प्लांट कंपाउंड फ्रॉम यूकेलिप्टस एसपी अगेंस्ट इंसेक्ट पेस्ट' विषय पर अपना प्रोजेक्ट शुरू किया।
3. डॉ. नरेंद्र जीत कौर तथा डॉ. हरप्रीत कौर ने 'नेचुरल डाइंग एट होम' विषय पर 30,000 की राशि का प्रोजेक्ट लिया।
4. केमिस्ट्री विभाग से ही टैंक सिंदर पाल काबल सिंह ने एमएससी केमिस्ट्री सेमेस्टर 1 की दो छात्राओं के साथ मिलकर 2 साल की अवधि का 1,10000/- रुपए की राशि का प्रोजेक्ट लिया।
5. डॉ. स्वाति अवस्थी ने एमएससी केमिस्ट्री सेमेस्टर वन की दो छात्राओं के साथ 'सिंथेसिस कैरक्टराइजेशन एप्लीकेशंस ऑफ इमीडिजोलियम बेस्ट आयोनिक लिक्विड्स' विषय पर रू 1,10000 की राशि का प्रोजेक्ट लिया।
6. केमिस्ट्री विभाग की प्राध्यापिका डॉ. शिखा ने एमएससी केमिस्ट्री की दो छात्राओं के साथ मिलकर 'सिंथेसिस एंड कैरक्टराइजेशन ऑफ न्यूटेरिक सॉल्वेंट्स फॉर ड्रग डिलीवरी' विषय पर रू 1,10000 का प्रोजेक्ट ग्रहण किया।
7. हिंदी विभाग की प्राध्यापिका डॉ. अनुशोभा और डॉ. रूपिका ने मिलकर 'सूचना प्रौद्योगिकी,भाषा प्रौद्योगिकी और अनुवाद' विषय पर 30,000/- का सीडमनी प्रोजेक्ट लिया।
8. डॉ. नीतू वर्मा ने आईएससी प्रोजेक्ट 'फेस टू जो रिसेंट ट्रेंड्स इन इनफॉरमेशन सिक्योरिटी एंड प्राइवेसी' विषय पर लगाया।
9. डॉ. मोनिका शर्मा को 'Skilling the Rural Women of Punjab : A study on the effectiveness of Vocational Training Programmes in Villages' विषय पर लघु शोध परियोजना कार्य मिला। यह प्रोजेक्ट तीन लाख रुपए का है।
10. डॉ. रीना और सुश्री सीमा कुमारी ने 2022-23 में कॉलेज से 15000/- रुपए की राशि का सीड मनी प्रोजेक्ट लिया।
11. डॉ. अर्चना सैनी और डॉ. प्रभा ने Assessment and Toxicological investigations on Micro Plastics in fresh water Ecosystems of Punjab विषय पर 25,80,000/- की राशि का प्रोजेक्ट Scheme om Research & Development for conservation and development administration of Environment Forest and climate change भारत सरकार से प्राप्त किया।

Scanned with OKEN Scanner

12. डॉ. प्रभा और डॉ. कपिला पॉल ने Evaluation of DNA damage and oxidative stress among workers exposed to fertilizers and pesticides in Doaba and Malva region of Punjab विषय पर CURIE Seed Money grant के अन्तर्गत एक लाख का प्रोजेक्ट किया।
13. डॉ. नीतू और डॉ. गोपी शर्मा ने Non-linear optical properties and terahertz studies of germium oxide based glass nano composter for official application विषय पर प्रोजेक्ट किया 8,82,400/- रुपए की राशि का यह project SERB Power Grant के अन्तर्गत लिया।
14. डॉ. नीतू और डॉ. गोपी शर्मा ने मिलकर Preparation and chareotirization of mental and safe radiation shieding window glasses विषय पर BRNS से 8,54,650/- की राशि का प्रोजेक्ट लिया।
15. जुओलोजी विभाग से डॉ. नलिनी सिंह चौहान ने Use of Vermicompost for developing resistance in plants against spadoptera litura (Fab) विषय पर 25 लाख के प्रोजेक्ट का Scheme on Research and Development for conservation and development Ministry of Environment, Forest and climate change govt. of India में आवेदन किया।
16. डॉ. नलिनी सिंह चौहान ने क्यूरी सीड मनी ग्रांट के तहत Vermicompost as soil suppliment for enhansing the growth and development of Plant विषय पर प्रोजेक्ट के लिए आवेदन किया।
17. डॉ. नलिनी सिंह चौहान ने Bioeffivienvy of plant based compound phioroglum against insect pest, tribolim castenium (Herbst) विषय पर प्रोजेक्ट सम्पन्न किया।
18. जुओलोजी विभाग की डॉ. मनदीप कौर ने The insecticidal activity of monoterpences against stored grain pest tribolium contaneum (Herbst) विषय पर एक लाख रुपए की राशि का सीड मनी प्रोजेक्ट सम्पन्न किया।
19. डॉ. मोनिका शर्मा MOOCs का Political Sociology विषय पर आवेदित प्रोजेक्ट कार्य का छठा माड्यूल चल रहा है।
20. श्रीमती दीपिका वशिष्ठ ने कन्या महाविद्यालय जालंधर से Studying the molecular basis of aysregulated glucose and cholestrol levels विषय पर 30,000/- की राशि से सम्पन्न किया।
21. श्रीमती दीपिका वशिष्ठ ने Role of Exogenous silicon application in enhancing growth antioxidants activity yeild of Oat plants under drought position विषय पर एक लाख रुपए का प्रोजेक्ट आवेदित किया।
22. सुश्री शिखा वशिष्ठ ने To assess phytoremediation potential macrophytesi - a study of Kali Bein river punjab विषय पर 1,10,000 का प्रोजेक्ट आवेदित किया।
23. श्री सहजपाल (जे एम सी विभाग) ने सत्र 2022-23 में The Role of Media in Higher Education विषय पर कन्या महाविद्यालय से (20,000/- की राशि सहित) संपन्न किया।

प्राध्यापकों की उपलब्धियां

1. फिजिक्स विभाग की प्राध्यापिका डॉ. नीतू वर्मा ने ने 26 जुलाई 2022 को चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में हुए आईएससी इंस्टिट्यूशन की तीसरी रीजनल मीट में वक्तव्य दिया।
2. 19 अक्टूबर 2022 को फिजिक्स विभाग की प्राध्यापिका डॉ. नीतू वर्मा ने 'डिज़ाइन थिंकिंग' पर आधारित लेक्चर के अंतर्गत स्नातक स्तर की छात्राओं को 'एंटरप्रेन्योरशिप और स्टार्टअप' के लिए एक ज्ञानवर्धक वक्तव्य दिया।
3. 1 नवंबर 2022 को डॉ. नीतू वर्मा ने पर्सनालिटी डेवलपमेंट के अंतर्गत तीसरे सेमेस्टर की छात्राओं को 'टाइम मैनेजमेंट' पर एक व्याख्यान दिया।
4. 9 दिसंबर 2022 को फिजिक्स विभाग की प्राध्यापिका डॉ. नीतू वर्मा ने 'जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी' द्वारा आयोजित 'एबिलिटी एनहैंसमेंट वर्कशॉप' में 'एक्सपेरिमेंटल वर्कशॉप' लगवाई।
5. डॉ. गोपी शर्मा ने 24-25 नवंबर 2022 को 'ऑप्टिकल ग्लासेस एंड इरेडिएशन इफ़ेक्ट ऑन ग्लासेस' विषय पर व्याख्यान दिया।
6. फिजिकल एजुकेशन विभाग के डॉक्टर देवेंद्र सिंह को गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर द्वारा जालंधर में 14 दो 2023 को इंटर इंटर कॉलेज क्रिकेट मैन चैंपियनशिप का ऑब्जर्वर बनाया गया।

Scanned with OKEN Scanner

7. फिजिकल एजुकेशन विभाग के डॉक्टर देवेंद्र सिंह को गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी विमेन यूनिवर्सिटी हैंडबॉल सिलेक्शन कमेंटी के सदस्य बनाया गया।
8. डॉक्टर देवेंद्र गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी वुमन यूनिवर्सिटी सॉफ्टबॉल सिलेक्शन कमेटी के सदस्य हैं।
9. 28 सितंबर 2022 को शहीद भगत सिंह के जन्मोत्सव पर श्रीमती आशिमा साहनी ने 'डरौली कलां कॉलेज, जालंधर' में विस्तार व्याख्यान दिया।
10. श्रीमती आशिमा साहनी ने 26 नवंबर 2022 को 'कॉन्स्टिट्यूशन डे' के अवसर पर सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी में ऑनलाइन 'इंडिया द मदर ऑफ डेमोक्रेसी' विषय पर विस्तार व्याख्यान दिया।
11. 'लायलपुर खालसा कॉलेज, करतारपुर' में नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित 'शेयर फ्यूचर डेमोक्रेसी एंड गुड गवर्नेंस' विषय पर श्रीमती आशिमा साहनी ने व्याख्यान दिया।
12. अप्रैल 2023 में डीसी ऑफिस में श्रीमती आशिमा साहनी 2 दिन के लिए ओवरऑल इंचार्ज बनकर गई और वहां 2 दिन की ट्रेनिंग प्रदान की।
13. 11.1.2023 को 'सी ए के एम जी एस एस एस', चिंतपुरनी, जिला ऊना, हिमाचल प्रदेश में अतिथि वक्ता के तौर पर सुश्री चेतना ने वक्तव्य दिया।
14. डॉ. रूपिका ने (नैतिक शिक्षा कार्यक्रम) के तीसरे दौर में अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।
15. डॉ. अनुशोभा ने (नैतिक शिक्षा कार्यक्रम) के दूसरे दौर में अपना व्याख्यान दिया।
16. 5 अगस्त 2022 को डॉ. नरेंद्र जीत कौर ने एक व्याख्यान में भाग लिया, जो 'टूल्स टू सकसीड इन लाइफ एंड बिजनेस अंडर इंपैक्ट' लेक्चर सीरीज पर आधारित था।

इंस्टीट्यूशन्स इनोवेशन कॉउंसिल (IIC)

के एम वी की आई.आई.सी संस्था सर्वश्रेष्ठ काउंसिल है। इसके द्वारा किए गए कार्यों से संस्था को सम्मानित किया गया है। इस के द्वारा किए गए कार्यों का विवेचन इस प्रकार है-

1. के एम वी के आई आई सी को शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से उसकी प्रतिबद्धता और समर्पण के लिए **'चार गोल्ड स्टार्स'** प्रदान किये गए।
2. 155 महाविद्यालयों में श्रेष्ठ के एम वी को एम ओ ई इनोवेशन सेल के mentor-mantee programme के अंतर्गत mentor institute के रूप में चयनित किया गया। इस प्रोग्राम में 5 विद्यालयों -राजकीय कॉलेज रोपड़, जी एच जी, लुधियाना, जे सी डी ए वी कॉलेज, दसूहा, आई आई टी एम कॉलेज ऑफ साइंस, आर्ट्स एंड कॉमर्स,सोनीपत, लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एक्सीलेंस, भोपाल, ने के एम वी को अपने मेंटर कॉलेज के रूप में चयनित किया।
3. के एम वी ने एन आई एस पी, भारत सरकार के साथ अपना इनोवेशन एंड स्टार्ट अप पालिसी को तैयार और कार्यान्वित किया।
4. छात्राओं और प्राध्यापकों में इनोवेशन और एंट्रेप्रेनेउर्शिप के आश्रय हेतु के एम वी को शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के ARIIA के अंतर्गत Peformer नामक बैंड से समनुदेशित किया गया।
5. IIC की और से उन 19 छात्राओं को सीड मनी प्रदान की गयी जिन्होंने अपने लघु उद्योग स्थापित किए।
6. 26.7 2022 को के एम वी को चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, मोहाली की ओर से इनोवेशन कॉउंसिल की उपलब्धियों पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया।
7. पिछले तीन वर्षों में के एम वी के द्वारा बनाई गई 'ई लर्निंग रिपॉजिटरी व यू आर एल' के अंतर्गत 'इनोवेशन और एंट्रेप्रेनेउर्शिप' विषय पर विशेषज्ञ का वक्तव्य कराया गया।
8. के एम वी IIC की ओर से मेंटर के रूप में 3 ATL स्कूलों के साथ linkages स्थापित किये।
9. के एम वी की छात्राओं ने start ups के लिए नवीन युक्तियों को 'YUKTI-नेशनल इनोवेशन रिपॉजिटरी' पर अपलोड किया।
10. आईआई सी के 17 सदस्यों ने 'बेसिक और एडवांस्ड स्टेरबइनोवेशन एम्बेसडर ट्रेनिंग की जिनमे से 6 सदस्य उच्च स्तर पर पहुंचे।

Scanned with OKEN Scanner

11. आई ए एस के अंतर्गत विषय विशेषज्ञों के 162 सत्र लगाये गए।
12. केएमवी इस प्रदेश में 'इनोवेशन और स्टार्टअप पॉलिसी' का पहला कॉलेज है। यह बात मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन द्वारा केएमवी वेब वेबसाइट पर कही गई है। मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन, भारत सरकार द्वारा केएमवी को ए आर आई आई के ए के अंतर्गत परफॉर्मर का एक बैंड दिया गया है।
13. आई आई सी के अंतर्गत 19 छात्राओं ने अपने छोटे-छोटे उद्योग स्थापित किए, जिसके लिए कन्या महाविद्यालय द्वारा सीड मनी प्रदान की गई।
14. नॉर्थ वेस्ट रीजन में मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन द्वारा कन्या महाविद्यालय को **बेस्ट परफॉर्मिंग आईआईसी इंस्टिट्यूशन** चुना गया।
15. 26 जुलाई 2022 को चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली में केएमवी को इनोवेशन सेल की उच्चतम उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।
16. केएमवी ने 'ई लर्निंग रिपोजिटरी' का आरंभ किया और 'यू आर एल की एक्सपर्ट टॉक्स' के वीडियो भी अपलोड किए।
17. कन्या महाविद्यालय ने एयरटेल स्कूल्स के साथ मेंटर के रूप में लिंकेजेस स्थापित किए।
18. कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने अपने नवीनतम आइडिया 'युक्ति' जो 'नेशनल इनोवेशन रिपोजिटरी' है, पर अपलोड किए।
19. आई आई सी के 17 सदस्यों ने 'इनोवेशन एंबेसडर ट्रेनिंग फॉर बेसिक एंड एडवांस्ड लेवल' संपन्न किए जिनमें से 6 सदस्यों ने उच्च स्तर की ट्रेनिंग हासिल की।

IIC के I & E तथा IPR पर आयोजित कार्यक्रमों की सूची

1. 5.6.2022 को IIC द्वारा 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया गया।
2. IIC द्वारा 5.7.22 से 8.7.22 तक 'आर्ट ऑफ बैंकिंग' विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी।
3. IIC द्वारा 27.7.22 को 'इनोवेशन एंड स्टार्ट अप इकोसिस्टम' विषय पर एक सत्र लगाया गया।
4. IIC द्वारा 15.8.22 को 'स्वतंत्रता के 75 वर्ष' के अवसर पर विशेष समारोह का आयोजन किया गया।
5. 15.8.22 को VC funding opportunity for early stage entrepreneurs विषय पर एक सत्र आयोजित किया गया।
6. 26.7.22 को IIC की रीजनल बैठक सम्पन्न हुई।
7. 21.8.22 को IIC की ओर से World Entrepreneurs Day मनाया गया जिसमें छात्राओं द्वारा बनाई गई वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई।
8. 23.8.22 को IIC की ओर से 'बिज़नेस स्ट्रेटेजीज' विषय से सम्बंधित पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन की गयी।
9. 26.8.22 को Lean Start-up & Minimum Viable Product पर एक सत्र का आयोजन किया गया।
10. 28.8.22 को Ideation एंड Concept Development विषय पर एक सत्र का आयोजन किया गया।
11. 30.8.22 को Entrepreneurial Motivation and Leadership विषय पर एक सत्र का आयोजन किया गया।
12. 31.8.22 को Pre-Incubation Opportunities for Students & Faculties Early Stage Enterpreneurs विषय पर एक सत्र का आयोजन किया गया।
13. 6.9.22 को 'अन्तर कॉलेज आईडिया कम्पटीशन' करवाया गया।
14. 16.9.22 को Potential of Beekeeping Entrepreneurship in India विषय पर विषय विशेषज्ञ ने अपना संभाषण प्रस्तुत किया।
15. 20.9.22 को World Environment Health Day मनाया गया। इसमें क्विज, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन, पोएम राइटिंग तथा फोटोग्राफी की प्रतियोगिताएं करवाईं गयीं।
16. 10.10.22 को Introduction to Entrepreneurship विषय पर एक सत्र का आयोजन किया गया।
17. 11.10.22 को IIC द्वारा Creativity Innovation का एक सत्र लगाया गया।
18. 14.10.22 को IIC द्वारा Enrtrepreteunril Competencies पर एक सत्र में विषय की जानकारी प्रदान की गई।
19. 15.10.22 IIC के द्वारा मैनेजमेंट स्किल्ज़ एंड फंक्शन्ज़ पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।
20. 15 और 16 अक्टूबर 22 को IIC की ओर से दो दिवसीय City level Exhibition लगाया गया।

Scanned with OKEN Scanner

21. 18.10.2022 को IIC की ओर से Business Opportunity Identification and Market Assessment विषय पर एक सत्र का आयोजन किया गया।
22. 18.10.2022 को IIC की ओर से Business Plan Preparation विषय पर एक सत्र का आयोजन किया गया।
23. 20.10.2022 को IIC की ओर से Business Model Canvas विषय पर एक सत्र का आयोजन किया गया।
24. 20.10.2022 को IIC की ओर से Start up Financing & Launching विषय पर एक सत्र का आयोजन किया गया।
25. 21.10.22 को Design Thinking विषय पर एक वर्कशॉप लगाई गई।
26. 16.10.22 से 22.10.22 तक IIC की ओर से National Chemistry Week मनाया गया जिसमें एक विस्तार व्याख्यान, पोस्टर प्रेजेंटेशन और ई-क्विज करवाया गया।
27. 21.10.22 को Innovative Practices for Greener & Safer Chemistry Labs विषय पर राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला करवाई।
28. 1.11.22 को इस विभाग की ओर से Entrepreneurship and Livelihood Development विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन वर्कशॉप लगाई गई।
29. 4.11.22 को Business Plan विषय पर एक दिवसीय वर्कशॉप लगाई गई।
30. 9.11.22 को 66 छात्राओं को फील्ड विजिट कराया गया।
31. 9.11.2022 को आई आई सी की ओर से छात्राओं 'प्रॉब्लम आईडेंटिफिकेशन' के एक्सपोज़र के लिए फील्ड विजिट कराया गया।
32. 9.11.2022 को ही आईआई सी की ओर से 'माय स्टोरी' कार्यक्रम करवाया गया।
33. 11.11.2022 को 'नेशनल एजुकेशन डे' मनाया गया जिसमें निबंध लेखन प्रतियोगिता और 'एजुकेशन पॉलिसी ऑफ इंडिया' के एक सत्र का आयोजन किया गया।
34. 15.11. 2022 को 'नेशनल एंटरप्रेन्योर दिवस' मनाया गया जिसके अंतर्गत पोस्टर मेकिंग, मॉडल मेकिंग, इनोवेटिव ब्रांड नेम, लोगो और टैगलाइन कम्पीटीशन कराया गया।
35. 12.1.2023 को 'नेशनल यूथ डे' मनाया गया जिसके अंतर्गत 'पोस्टर मेकिंग' प्रतियोगिता कराई गई।
36. 28.1.2023 को 'हर्बल फाउंडेशन और पैकेजिंग' पर एक वर्कशॉप लगाई गई और छात्राओं को 'शैक्षिक यात्रा' पर लेकर जाया गया।
37. 28.1.2023 को छात्राओं को इंडस्ट्रियल विजिट के लिए 'वेरका मिल्क प्लांट' ले जाया गया।
38. 5.11.2022 को 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया गया जिसमें 200 छात्राओं और 10 प्राध्यापकों ने भाग लिया।
39. 5 से 8 जुलाई 2022 को 3 दिन की 'आर्ट ऑफ बैंकिंग' विषय पर एक कार्यशाला लगाई गई, जिसमें 30 छात्राओं ने और 2 प्राध्यापकों ने भाग लिया।
40. 26 जुलाई 2022 को आईआईसी रीजनल मीट का आयोजन किया गया।
41. 27 जुलाई 2022 को 'इनोवेशन एंड स्टार्टअप इकोसिस्टम इनेबलर्स फ्रॉम द स्टेट लेवल' विषय पर एक सत्र लगाया गया जिसमें 645 छात्राओं और 126 प्राध्यापकों ने भाग लिया।
42. 15 अगस्त 2022 को 'स्वतंत्रता के 75 वर्ष' पर आईएलसी द्वारा एक विशेष आयोजन किया गया जिसमें 500 छात्राओं और 150 प्राध्यापकों ने भाग लिया।
43. 18 अगस्त 2022 को वीसी फंडिंग 'अपॉर्चुनिटी फॉर अर्ली स्टेज एंटरप्रेन्योर' विषय पर एक सत्र लगाया गया, जिसमें 80 छात्राओं और 35 प्राध्यापकों ने भाग लिया।
44. 2.18.2022 को 'विश्व एंटरप्रेन्योर दिवस' मनाया गया, जिसमें हैंडलूम प्रोडक्ट की प्रदर्शनी और सेल लगाई गई और 'इनोवेशन एंबेसडर' के द्वारा 'जर्नी ऑफ सक्सेसफुल विमेन एंटरप्रेन्योर ऑफ इंडिया' विषय पर एक सत्र लगाया गया।
45. 23.8.2022 को 'यूज़ ऑफ डाटा अनालैक्ट्स इन इंफ्लूविंग बिजनेस स्ट्रैटेजीज़' पर एक सत्र लगाया गया। इस पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन में 25 छात्राओं और 5 प्राध्यापकों ने भाग लिया।
46. 26 अगस्त 2022 को 'स्टार्टअप एंड मिनिमम वायबल प्रोडक्ट' विषय पर एक सत्र लगाया गया।

Scanned with OKEN Scanner

47. 28 अगस्त 2022 को 'आईडिएशन एंड कॉन्सेप्ट डेवलपमेंट' विषय पर एक सत्र लगाया गया जिसमें 52 छात्राओं ने भाग लिया।
48. 30 अगस्त 2022 को 'एंटरप्रेन्योरल मोटिवेशन एंड लीडरशिप' पर एक सत्र लगाया गया जिसमें 58 छात्राओं ने भाग लिया।
49. 31.8.2022 को 'प्री इनक्यूबेशन अपॉर्चुनिटी फॉर स्टूडेंट्स एंड फैकल्टीज अर्ली स्टेज एंटरप्रेन्योर्स' विषय पर एक सत्र लगाया गया जिनमें चार छात्राओं और 18 प्राध्यापकों द्वारा भाग लिया गया।
50. 6.9.2022 को आईआई टी द्वारा 'अंतराग्नि इवेंट फॉर एक्सयूबेरेन्स' विषय पर एक अंतर कॉलेज कम्पीटीशन करवाया गया जिसमें 200 विद्यार्थियों ने और 50 प्राध्यापकों ने भाग लिया।
51. 16.9.2022 को 'पोटेंशियल एंड प्रोस्पेक्ट्स इन बीकीपिंग एंटरप्रेन्योरशिप इन इंडिया' विषय पर एक विशेषज्ञ का वक्तव्य करवाया गया जिसमें 45 छात्राओं और 8 प्राध्यापकों ने भाग लिया।
52. 20.9.2022 को 'वर्ल्ड एनवायरमेंट हेल्थ डे' मनाया गया जिसमें क्विज, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, पोयम राइटिंग, नेचर थ्रू लेंस अर्थात फोटोग्राफी आदि प्रतियोगिताएं कराई गईं। इसमें 60 छात्राओं ने भाग लिया।
53. 10.10.2022 को 'इंट्रोडक्शन तू एंटरप्रेन्योरशिप' विषय पर एक सत्र लगाया गया जिसमें 135 छात्राओं ने भाग लिया।
54. 11.10.2022 को 'क्रिएटिविटी एंड इनोवेशन' पर एक सत्र लगाया गया, जिसमें 140 छात्राओं ने भाग लिया।
55. 14.10.2022 को 'एंटरप्रेन्योरल कंप्यूटर' विषय पर एक सत्र लगाया गया जिसमें 135 छात्राओं और 25 प्राध्यापकों ने भाग लिया।
56. 15 अगस्त 2022 को 'मैनेजमेंट स्किल्स एंड फंक्शनज़' विषय पर एक सत्र लगाया गया।
57. 15 से 16 अक्टूबर 2022 तक 2 दिन का 'दीवाली एक्स्ट्रावैगेंजा' लगाया गया जोकि केएमवी के बडिंग एंटरप्रेन्योर्ज़ द्वारा लगाया गया।
58. 18 अक्टूबर 2022 को 'बिजनेस अपॉर्चुनिटी आईडेंटिफिकेशन एंड मार्केट एनालिसिस' विषय पर एक सत्र लगाया गया, जिसमें 120 छात्राओं और 34 प्राध्यापकों ने हिस्सा लिया ।
59. 18.10.2022 को ही 'बिजनेस प्लान प्रिपरेशन' के लिए एक सत्र लगाया गया जिसमें 125 छात्राओं और 32 प्राध्यापकों ने भाग लिया।
60. 20 अक्टूबर 2022 को 'स्टार्टअप फाइनेंसिंग एंड लॉन्चिंग' विषय पर एक सत्र लगाया गया जिसमें 127 छात्राओं और 35 प्राध्यापकों ने भाग लिया।
61. 21 अक्टूबर 2022 को 'डिजाइन थिंकिंग' पर एक कार्यशाला लगाई गई। यह कार्यशाला 125 छात्राओं द्वारा अटेंड की गयी।
62. 16 से 22 अक्टूबर 2022 को 'नेशनल केमिस्ट्री वीक' मनाया गया, जिसमें एक्सटेंशन लेक्चर, पोस्टर प्रेजेंटेशन व क्विज कराया गया। इसमें 902 छात्राओं और 55 प्राध्यापकों ने भाग लिया।
63. 21.10.2022 को राष्ट्रीय स्तर की एक कार्यशाला लगाई गई जिसका विषय था 'इनोवेटिव प्रैक्टिसिज़ फॉर ग्रीनर एंड सेफर केमिस्ट्री लैब्स'।
64. 1.11.2022 को आई आई सी की ओर से 'बैंबू बेस्ट एंटरप्रेन्योरशिप एंड लाइवलीहुड डेवलपमेंट' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला लगाई गई, जिसमें 60 छात्राओं ने उपस्थिति दर्ज की।
65. 4.11.2022 को आईआईसी की ओर से एक दिवसीय वर्कशॉप लगाई है जिसमें 55 छात्राएं उपस्थित थीं।
66. 9.11.2022 को 'प्रॉब्लम आईडेंटिफिकेशन' के लिए और बच्चों के एक्सपोजर के लिए उन्हें फील्ड विजिट कराया गया।
67. 11.11.2022 को 'नेशनल एजुकेशन डे' मनाया गया जिसमें 'ऐस्से राइटिंग कंपीटीशन' करवाया गया और 'एजुकेशन पॉलिसी ऑफ इंडिया' पर एक सत्र लगाया गया। इसमें 52 छात्राएं उपस्थित हुईं।
68. 15.11.2022 को 'नेशनल एंटरप्रेन्योर डे' सेलिब्रेशन के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग, मॉडल मेकिंग, इनोवेटिव ब्रांड नेम, लोगो और हेड लाइन प्रतियोगिता कराई गई। इसमें 88 छात्राओं ने भाग लिया।
69. 12.1.2023 को 'नेशनल यूथ डे' मनाया गया और इसके अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। 72 छात्राओं ने इसमें भाग लिया।
70. 28.1.2023 को 'हर्बल फॉर्मूलेशन एंड पैकेजिंग' पर एक कार्यशाला लगाई गई और छात्राओं को शैक्षिक यात्रा पर भी ले जाया गया।
71. 28 जनवरी 2023 को 35 छात्राओं को 'वेरका मिल्क प्लांट' में इंडस्ट्रियल विजिट के लिए ले जाया गया।

Scanned with OKEN Scanner

सरस्वती पूजन समारोह

संस्था के नवीन सत्र का आरंभ इस महाविद्यालय में सदैव माँ सरस्वती के पूजन से होता आया है। इस वर्ष भी सत्रारंभ में 137वें 'सरस्वती पूजन समारोह' को बहुत श्रद्धा से संपन्न किया गया। इस सुअवसर पर जालंधर के डिप्टी कमिशनर श्री जसप्रीत सिंह (आई ए एस) मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थे। कन्या महाविद्यालय प्रबंधकर्तृ सभा के प्रधान श्री चंद्र मोहन जी ने समारोह की अध्यक्षता की। डॉ सुषमा चावला (उपाध्यक्ष केएमवी मैनेजिंग कमिटी), श्री आलोक सोंधी (प्रमुख सचिव केएमवी मैनेजिंग कमेटी) कमेटी के आदरणीय सदस्य श्रीमती नीरजा चंद्रमोहन, डॉ. सतपाल गुप्ता, डॉ. कमल गुप्ता, डॉ. प्रदीप भंडारी और श्रीमती अनुराधा सोंधी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ छात्राओं ने अपनी नई आगमित छात्राओं के लिए स्वागत के परंपरागत गीत गाए और उनका अभिनंदन किया। नई छात्राओं ने आभार स्वरूप धन्यवाद गीत गाकर वरिष्ठ छात्राओं को पूर्ण रूप से कार्यभार संभालने का विश्वास दिलाया। वरिष्ठ और कनिष्ठ छात्राओं ने मिलकर शिक्षा और ज्ञान की अधिष्ठात्री मां सरस्वती की आराधना की। इस अवसर पर स्पिक मैके के संस्थापक, आईआईटी, दिल्ली के प्रोफेसर, देश के युवा वर्ग में अपनी संस्कृति और कला के प्रति जागृति फैलाने वाले पदमश्री श्री किरण सेठ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने युवा वर्ग को अपनी संस्कृति को आगे ले जाने के लिए प्रेरित किया।श्री चंद्र मोहन जी ने भी इस बात का समर्थन करते हुए कहा कि कन्या महाविद्यालय की छात्राओं में वह शक्ति और सामर्थ्य है कि यह अपनी परंपराओं और आधुनिकता में सामंजस्य स्थापित कर सकती हैं ।उन्होंने यह भी कहा कि कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या अपनी दूरदर्शिता,साहस, परिश्रम, नवीन दृष्टिकोण और दक्ष प्राध्यापक वर्ग की सहायता से निरंतर नए शिखर छू रही है। वे संस्था को बहुत आगे ले जाने का स्वप्न लिए हुए निरंतर अपने कर्तव्य पथ पर अग्रसर हैं। इस मौके पर संस्था प्राचार्या प्रो डॉ अतिमा शर्मा द्विवेदी ने सभी अतिथियों का अभिनन्दन करते हुए विद्यालय के पिछले वर्ष की रिपोर्ट पढ़ी। रिपोर्ट पढ़ते हुए उन्होंने कॉलेज की शैक्षिक, उप शैक्षिक, स्पोर्ट्स व सांस्कृतिक उपलब्धियों की विशेष चर्चा की। उन्होंने कॉलेज के स्वायत्त और विरासत संस्था होने की प्रसन्नता सबसे सांझा की और बताया कि कन्या महाविद्यालय को इंडिया टुडे ,आउट लुक मैगज़ीन और टाइम्स ऑफ इंडिया के द्वारा किए गए सर्वे के आधार पर 'पंजाब की नंबर वन संस्था' घोषित किया गया है। आईआईसी भारत सरकार इनोवेशन काउंसिल की ओर से इस संस्था को 4 गोल्ड स्टार्ज़ प्रदान किए गए हैं जो सर्वोत्तम रेटिंग है। इस अवसर पर शैक्षिक क्षेत्र के अतिरिक्त उप शैक्षिक, खेल,युवा समारोह, एनएसएस, एनसीसी, एनवायरनमेंट, आईपीआर और अन्य अनेक क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन करने वाले प्राध्यापकों एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ईसीए विभाग और सोशल आउटरीच विभाग के द्वारा निर्मित 'यूथ पल्स' न्यूज़ लाइन का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि महोदय ने शिक्षा को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक उन्नति का विशेष साधन स्वीकार करते हुए कहा कि छात्राओं को अपने उद्देश्य का पीछा करना चाहिए। उसका छोर छोड़ना नहीं चाहिए। अपनी संस्कृति को धारण कर और आधुनिकता के नवीनतम आयामों को छूते हुए जीवन यापन करना चाहिए, तभी वे अपने जीवन में, अपने लक्ष्य में सफल हो सकने में समर्थ होंगी।अपने नैतिक मूल्यों और गुणों को अपनाकर ही नारी सच्चे अर्थों में सशक्त हो सकती है। विद्यालय की मैनेजिंग कमेटी के प्रमुख सचिव श्री आलोक सोंधी जी ने अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

टैलेंट फिएस्टा (Talent Fiesta)

कन्या महाविद्यालय ऑटोनॉमस संस्था में छात्राओं की प्रतिभा को सामने लाने के लिए 'टैलेंट फिएस्टा 2022' का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विद्यालय प्राचार्या प्रो.डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी का फूलों से अभिनंदन किया गया। इस कार्य इस समारोह में बहुत से प्रतियोगिताएं हुई जो संगीत, नृत्य, साहित्य और नाटकों से संबंधित थीं। सभी संकायों की छात्राओं ने बहुत ही उमंग से इसमें भाग लिया। स्किट, कोरियोग्राफी और समूह नृत्य, सोलो नृत्य, मॉडलिंग, फैंसी ड्रेस, क्विज और अनेक प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने कहा कि आजकल इस प्रकार के आयोजनों की आवश्यकता है ताकि हम छात्राओं में छिपी प्रतिभा को पहचान सकें। इससे उनका व्यक्तित्व विकास भी होता है और उन्हें शिक्षा भी मिलती है। मंच पर प्रस्तुति देने का, बातचीत करनें का आत्मविश्वास उनमें पैदा होता है। उन्होंने ईसीए की डीन डॉ गुरजोत और उनकी टीम का को बहुत बधाई दी। इस अवसर पर प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे:-

मिस फ्रेशर-हरमनदीप को, मिस ग्रेसफुल- हर्षिता, मिस एलिगेंट- पवनदीप कौर, मिस कॉन्फिडेंट-गगनदीप कौर और सलोनी, मिस चार्मिंग स्माइल-रुखसाना, मिस ब्यूटीफुल अटायर- स्नेहा, मिस शाइनिंग स्टार- भाविका, फर्स्ट रनर अप- किरण कुमारी, सेकंड रनर अप- लावण्या। इन सभी छात्रों को उपर्युक्त ख़िताब मिले।

लैंडस्केप में विनीता प्रथम और जसप्रीत द्वितीय रही।एलोक्यूशन में अमरजीत कौर प्रथम, किरण कुमारी द्वितीय और अनु जांगरा तृतीय रही। फैंसी ड्रेस में मनप्रीत और चेतना प्रथम रही, दूसरे स्थान पर इंदु रही। सोलो डांस में जसवीर प्रथम, रीत और करण जीत द्वितीय, हर्षिता और खुशी

Scanned with OKEN Scanner

तृतीय रही। ग्रुप डांस में दमन एंड ग्रुप पहले स्थान पर रहा और सिमरन तथा ग्रुप दूसरे स्थान पर रहा। डुएट डांस में मनप्रीत और सिमरन प्रथम, हरप्रीत और करण प्रीत द्वितीय, अवनीत तथा खुशी तीसरे स्थान पर रही। कोलाज मेकिंग में पहले स्थान पर जसमीत कौर और दूसरे स्थान पर सिमरन ने अधिकार किया। पोस्टर मेकिंग में कीर्ति प्रथम, और सुनैना वालिया दूसरे स्थान पर रही। क्ले मॉडलिंग में सोनिया प्रथम और पल्लवी द्वितीय रही। कार्टूनिंग में नंदिनी ने पहला और अंजू ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। क्विज में संदीप और अनीशा ने पहला, खुशी और अक्षिता ने दूसरा, हरमनप्रीत और नेहा शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। फोटोग्राफी में आनंदिता प्रथम, अजला द्वितीय, वीरपाल तृतीय रहे। कविता उच्चारण प्रतियोगिता में गगनदीप कौर ने पहला, किरणदीप ने दूसरा और गुणवीर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में कीर्ति पहले, नवनीत दूसरे और गीतिका तीसरे स्थान पर रही। दमिका ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। वाद- विवाद प्रतियोगिता में अनु जांग प्रथम, संदीप द्वितीय और अदिति धीर तीसरे स्थान पर रही। रंगोली में अनु और मुस्कान ने पहला, परमिंदर और गुरप्रीत ने दूसरा, संजना और बबीता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। हरमन और परमिंदर को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। एंब्रॉयडरी में तनवीर और अनुराधा फर्स्ट, तमन्ना और प्रगति द्वितीय, याशिका और रूपेंद्र तृतीय स्थान पर रहीं। प्रिया और प्रिया को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इसी प्रकार सोलो सॉन्ग में गुरदीप कौर और नवरूप कौर प्रथम, हरमनप्रीत और ईशा मल्होत्रा को द्वितीय, जसप्रीत,साक्षी और गुरजीत तीसरे स्थान पर रही तथा सिमरनजीत, सृष्टि और मिलनदीप को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।

युवा समारोह (Youth Festival)

युवा समारोह के अंतर्गत छात्राओं की प्रतिभा का उन्मीलन किया जाता है। छात्राएं विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपने कॉलेज का प्रतिनिधित्व करके, उच्च स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन करती हैं। प्रत्येक वर्ष कन्या महाविद्यालय की छात्राएं यूथ फेस्टिवल में अनेक पुरस्कार जीतकर आती हैं। इस बार 'जोनल यूथ फेस्टिवल' में छात्राओं की प्रतिभागिता का परिणाम इस प्रकार रहा :

1.	फुलकारी	–	प्रथम
2.	क्विज	–	प्रथम
3.	क्लासिकल वोकल	–	तृतीय
4.	क्लासिकल इंस्ट्रुमेंटल (नॉन परकशन)	–	तृतीय
5.	लोक गीत	–	तृतीय
6.	वाद-विवाद	–	तृतीय
7.	लुड्डी	–	तृतीय
8.	गिद्दा	–	तृतीय
9.	समूह गान	–	तृतीय

इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल

इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल में हमारी छात्राओं का परिणाम इस प्रकार रहा :

1.	फुलकारी	–	प्रथम
2.	क्विज	–	चतुर्थ

इस प्रकार युवा समारोह में हमारी छात्राओं ने पुरस्कार जीतकर महाविद्यालय की शोभा को द्विगुणित किया।

वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

विरासत एवं स्वायत्त संस्था कन्या महाविद्यालय, जालंधर के देवराज सभागार में 15.4.2023 को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें देशप्रेम की समर्पित भावना का मूर्त रूप, निर्भीक पत्रकार, समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान रखने वाले पद्मश्री सम्मान से अलंकृत श्री विजय कुमार चोपड़ा (सी .ई. ओ, हिन्द समाचार ग्रुप ऑफ पब्लिकेशन्स) मुख्यतिथि के रूप में उपस्थित हुए। श्री चंद्रमोहन (अध्यक्ष, आर्य शिक्षा मंडल) ने समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकर्तृ सभा के सम्मानित सदस्य श्रीमती नीरजा मोहन, श्री आलोक सोंधी श्री ध्रुव मित्तल, श्रीमती सुशीला भगत, श्रीमती नीरू कपूर, डॉ. एस. पी. गुप्ता ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया। इस विशेष कार्यक्रम के दौरान सभी माननीय मुख्यातिथि महोदय तथा सभी उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने स्पोर्ट्स विभाग की वार्षिक गतिविधियों पर आधारित स्पोर्ट्स न्यूज़ लाइन का विमोचन भी किया।

Scanned with OKEN Scanner

विद्यालय प्राचार्या प्रो. डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने सभी आमंत्रित अतिथियों का पुष्पित अभिनंदन किया। ज्योति प्रज्वलन और गायत्री मंत्रोच्चार के पश्चात ज्ञान-विज्ञान की देवी माँ सरस्वती की आराधना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्राचार्या महोदया ने सभी अतिथियों का अभिनंदन करते हुए विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों पर आधारित रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि विद्यालय प्रबंधक कमेटी के कुशल मार्गदर्शन में के. एम. वी उच्च शिक्षा में नए आयामों की ओर निरंतर सफलतापूर्वक बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विरासत एवं स्वायत्त स्टेटस, 'क्यूरी' और 'फिस्ट' जैसे राष्ट्रीय महत्व के प्रतिष्ठित अनुदान, टाइम्स ऑफ इंडिया तथा ऑउटलुक मैगज़ीन के राष्ट्रीय सर्वेक्षण में प्रथम पंक्ति की अग्रणी संस्था संस्था के रूप में मान्यता, वैश्विक मानदंडों और चुनौतियों के मद्देनजर नवीन अकादमिक और परीक्षा प्रणाली में किए गए सुधार, निःशुल्क वैल्यू एडिड प्रोग्राम, विभिन्न कक्षाओं में चॉइस बेस्ड पाठ्यक्रमों की शुरुआत और बहुत से सार्थक अकादमिक प्रयास इस बात का प्रमाण है कि के. एम. वी नई शिक्षा नीति के द्वारा दिए गए सुझावों की दिशा में उसकी प्रस्तावना के कई वर्ष पहले से ही सार्थक एवं सफलता पूर्वक प्रयत्नशील है। प्राचार्या महोदया ने आज के पुरस्कार विजेता विद्यार्थियों की प्रतिभा और उपलब्धियों के लिए मुबारकबाद देते हुए उन्हें उज्ज्वल और प्रशस्त भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस समारोह के दौरान विगत अकादमिक सत्र में अकादमिक, युवा महोत्सव, खेल गतिविधियों एवं अन्य सह अकादमिक गतिविधियों में विशेष उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसी के साथ नियमित पुस्तकालय जाने वाली छात्राओं, कक्षा में 100% अधिक हाजिरी,सर्वोत्तम आंत्रप्रेन्योर,मौलिक रचनात्मकता(अवार्ड फ़ॉर इनोवेशन एंड क्रिएटिविटी), कुशल नेतृत्व क्षमता (अवार्ड फ़ॉर लीडरशिप एंड इनिशिएटिव), सर्वोत्तम एन. सी. सी कैडेट, सर्वोत्तम समाज सेवक, सर्वोत्तम मॉडल और सर्वोत्तम डिज़ाइनर इत्यादि श्रेणियों के अंतर्गत भी छात्राओं को उनकी योग्यता, आत्मविश्वास, प्रतिबद्धता एवं उनकी कार्यकुशलता के लिए सम्मानित किया गया। सुश्री मनलीन को (बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर) अवार्ड से सम्मानित किया गया।

समारोह के अध्यक्ष महोदय आदरणीय श्री चंद्रमोहन जी ने अपने संबोधन सभी पुरस्कार विजेता विद्यार्थियों को मुबारकबाद एवं शुभकामनाएं दीं। अपने प्रेरणाप्रद संबोधन में उन्होंने कहा कि विद्यालय से प्राप्त की शिक्षा आपके उज्ज्वल भविष्य की नींव है, जिस पर अपने सपनों की इमारत की तामीर आपको अपने परिश्रम से करनी है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उन्होंने छात्राओं को परिश्रम, लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन, ज्ञानार्जन और समाज कल्याण के लिए ज्ञान के व्यावहारिक उपयोग --इन पाँच सूत्रों का पालन करते हुए जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उनके लिए गर्व का विषय है कि उन्हें आज श्री विजय चोपड़ा जैसी आदर्श शख्सियत के हाथों से पुरस्कृत होने का अवसर प्राप्त हुआ है।

आदरणीय मुख्यातिथि महोदय ने अपने संबोधन में श्री विजय चोपड़ा जी ने स्वतंत्रता संघर्ष में उनके परिवार तथा के .एम .वी के मार्गदर्शकों श्री वीरेंद्र, आचार्या लज्जावती जी के योगदान से संबंधित अपनी स्मृतियों और अनुभव साँझा करते हुए छात्राओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में कुछ बड़ा और महत्वपूर्ण करने के लिए निर्भीकता पूर्वक सत्य और नैतिक आचरण करना आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को उनकी उपलब्धियों के लिए शुभाशीष देते हुए उनके उज्ज्वल और प्रशस्त भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

विद्यालय की ओर से माननीय मुख्यातिथि महोदय को स्मृति चिह्न भेंट किया गया। श्री आलोक सोंधी (महासचिव, विद्यालय प्रबंधक कमेटी) ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों के आगमन एवं सहभागिता के लिए विद्यालय की ओर से आभार ज्ञापित किया।

दीक्षांत समारोह (Covocation)

विरासत एवं स्वायत्त संस्था कन्या महाविद्यालय, जालंधर के देवराज सभागार में वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रो.(डॉ.) जसपाल सिंह संधू, वाइस चांसलर, गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए और कन्या महाविद्यालय में शिक्षा सम्पन्न करने वाली छात्राओं को ग्रेजुएट की उपाधियों से अलंकृत किया। पत्रकारिता और समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान रखने वाले श्री चंद्रमोहन (अध्यक्ष, आर्य शिक्षा मंडल) जी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। श्रीमती सुषमा चावला, (वाइस प्रेसिडेंट, के. एम. वी मैनेजिंग कमेटी) डॉ. एस. पी. गुप्ता माननीय सदस्य विद्यालय प्रबंध कर्तृ सभा इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सहभागी हुए।

विद्यालय प्राचार्या प्रो. डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने सभी आमंत्रित अतिथियों का पुष्पित अभिनंदन किया और ज्योति प्रज्वलन और गायत्री मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्राचार्या महोदया ने माननीय मुख्यतिथि महोदय प्रो. जसपाल सिंह संधू एवं सभी अतिथियों का अभिनंदन करते हुए विद्यालय द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में हासिल की गई उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि विद्यालय प्रबंधक कमेटी के कुशल मार्गदर्शन में के. एम. वी उच्च शिक्षा में नए आयामों की ओर निरंतर सफलतापूर्वक बढ़ रहा है। विरासत, स्वायत्त एवं स्टार कॉलेज स्टेटस के साथ क्यूरी और फिस्ट अनुदान के द्वारा अकादमिक जगत में कन्या महाविद्यालय के योगदान की स्वीकृति इस बात का प्रमाण है कि के .एम. वी अपने

Scanned with OKEN Scanner

लक्ष्य की ओर सफलतापूर्वक अग्रसर है। प्राचार्या महोदया ने आज के दीक्षांत समारोह में डिग्री प्राप्त करने वाली छात्राओं को उनके उज्ज्वल और प्रशस्त भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

आदरणीय श्री चंद्रमोहन जी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन सभी विद्यार्थियों को मुबारकबाद एवं शुभकामनाएं देते हुए अपने प्रेरणाप्रद संबोधन में कहा कि विद्यालय में ग्रहण की गई शिक्षा आपको पंख भी देती है और ज्ञान की दूरदर्शिता भी। विद्यालय से प्राप्त की शिक्षा आपके उज्ज्वल भविष्य की नींव है, जिस पर अपने सपनों की इमारत की तामीर आपको अपने परिश्रम से करनी है। आपने के. एम .वी के प्रति मुख्यातिथि महोदय की सद्भावना एवम सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यातिथि महोदय की अकादमिक विकास के लिए प्रगतिशील सोच एवम दूरदर्शिता निश्चित ही सराहनीय तथा अनुकरणीय है। इस अवसर पर सभी गणमान्य अतिथियों ने विद्यालय के हिंदी विभाग की वार्षिक शोध पत्रिका 'उन्मीलन (शोध एवं सृजन)' का 16 वां अंक रिलीज़ किया।

कॉन्वोकेशन ओपन की औपचारिक घोषणा के पश्चात आदरणीय मुख्यतिथि तथा अन्य सम्मानित अतिथियों के द्वारा मंच पर के. एम. वी की विभिन्न विषयों एवं स्ट्रीम्स की छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई।

आदरणीय मुख्यातिथि महोदय ने छात्राओं को आज के विशेष दिन पर मुबारकबाद दी। उन्होंने अपने जीवन के अनुभव और स्मृतियों को रोचक ढंग से साँझा करते हुए छात्राओं को परिश्रमी बनने और प्रगतिशील सोच के साथ आगे बढ़ते हुए अपनी मंजिल के लिए अपनी राहें स्वयं बनाने की प्रेरणा दीं।

कार्यक्रम के दौरान परफॉर्मिंग आर्ट्स विभाग द्वारा प्रस्तुत नृत्य प्रस्तुति ने अद्भुत समा बांधा। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती सुषमा चावला ने डिग्री हासिल करने वाली छात्राओं को देश, दुनिया और समाज के विकास लिए अच्छे और श्रेष्ठ कार्य करने की प्रेरणा देते हुए समारोह में विराजमान सभी गणमान्य अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का आरंभ और समापन वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान के समवेत गायन के साथ हुआ।

के. एम. वी में सुकृति : फैशन फिएस्टा-23 का भव्य आयोजन

रैंप पर दिखा के. एम. वी की छात्राओं का कौशल और आत्मविश्वास

कन्या महाविद्यालय, जालंधर (विरासत एवं स्वायत्त संस्था) में 'सुकृति : फैशन फिएस्टा-23' का भव्य आयोजन विद्यालय के सेंट्रल लॉन में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के स्नातकोत्तर फैशन डिजाइनिंग विभाग की छात्राओं द्वारा तैयार किए गए परिधान रैंप पर विद्यालय की ही मॉडल छात्राओं द्वारा प्रदर्शित किए गए। ऑर्गेमी फ़ॉर द रेड कार्पेट(वेस्टर्न), पिच्छवई कला इन कंटेम्पोररी स्टाइल (ट्रेडिशनल वियर), रंग रंगीलो सैसी स्वैग(इंडो-वेस्टर्न), लिगरे टिंटूरा (कैजुअल वियर), एम्पोवेर्ड फ़ॉर द इवनिंग(एसएक्टिव वियर), क्वीन एक्वामैरीन(स्कर्ट्स), मैग्नम ऊप्स (ब्राइडल वियर) राउंड्स में के .एम. वी की छात्राओं के अनथक परिश्रम रचनात्मक प्रतिभा के सुमेल से बनी आकर्षक ड्रेसेस को मंच पर प्रस्तुत किया गया। नारी सशक्तीकरण के जीवंत उदाहरण, सृजनात्मकता, सौंदर्य और आकर्षक रंगों की इस बेमिसाल प्रस्तुति ने जहां एक ओर छात्राओं के जोश और उत्साह उदाहरण प्रस्तुत किया तो दूसरी ओर यह फैशन फाईस्टा उस उच्च गुवत्तापूर्ण शिक्षा का भी मुंह बोलता प्रमाण था जिसे के .एम. वी में प्राप्त कर आत्मविश्वास से आत्मनिर्भर बनने के पथ पर गतिमान हैं। के. एम. वी में आज की स्मरणीय संध्या में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में गणमान्य अतिथियों ने सहभागिता की और अपनी उपस्थिति से इस अवसर की गरिमा को बढ़ाया। विद्यालय प्राचार्या प्रो. डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने सभी आमंत्रित अतिथियों, निर्णायक मंडल के.एम. वी के युवा डिज़ाइनर्स के परिवारजनों एवं समग्र उपस्थिति का अभिनंदन किया। विद्यालय प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष श्री चंद्रमोहन, महासचिव श्री आलोक सोंधी, वाइस प्रेसिडेंट श्रीमती सुषमा चावला, श्रीमती नीरजा मोहन, श्रीमती अनुराधा सोंधी, डॉ. कमल गुप्ता, श्री जी. जी द्विवेदी एवं अन्य सम्मानित सदस्यों ने इस अवसर को अपनी उपस्थिति से विशेष बनाया। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले सुकृति फैशन शो की समूचे उत्तर भारत में इसकी श्रेष्ठता, उत्तम प्रस्तुति के लिए विशेष साख और पहचान है । इसी साख की पुनरावृत्ति करते हुए के. एम.वी के युवा एवं उदीयमान डिज़ाइनर्स ने आज अपने मौलिक, सुंदर आकर्षक डिज़ाइन में तैयार की गई ड्रेसेस के लिए भरपूर प्रशंसा और सराहना बटोरी। इन आकर्षक परिधानों को के. एम. वी की ही छात्राओं ने मॉडल्स के रूप में पूरे आत्मविश्वास और कौशल के साथ मंच पर प्रस्तुत किया। के. एम. वी की प्रतिभावान छात्राओं की क्रिएटिविटी को उपयुक्त मंच और अवसर प्रदान करने के लिए विद्यालय के विभिन्न विभागों तथा माननीय प्राचार्या जी के मार्गदर्शन में साँझा प्रयत्नों से सहयोग प्रदान किया। के. एम. वी की डिज़ाइननर्स तथा मॉडल छात्राओं की कला और सृजनात्मक प्रतिभा का मूल्यांकन करने का दायित्व डॉ. दीपाली लूथरा (मेंबर, के, एम. वी प्रबंधक कमेटी, सुश्री रीमा सिंह (डिज़ाइनर, लेबल-पुनीत-रीमा, जालंधर) सुश्री तान्या मिश्रा (फैशन डिज़ाइनर एंड क्रिएटिव डायरेक्ट, नाईट ड्वेलर्स, नई दिल्ली) ने निभाया। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कंपनियों ने इस मेगा इवेंट को स्पॉन्सर किया। विद्यालय प्राचार्या प्रो. डॉ. अतिमा शर्मा

Scanned with OKEN Scanner

द्विवेदी ने इस भव्य आयोजन के सफल आयोजन एवं संचालन के लिए सभी प्राध्यापकों तथा छात्राओं को मुबारकबाद दी। प्राचार्या महोदया ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सुकृति -23 के लिए तैयार किया गया यह रैंप छात्राओं को उनके सपनों की मंजिल को हासिल करने की प्रेरणा देने का एक अवसर है। उन्होंने कहा कि संयुक्त सहयोग से अयोजित इस आयोजन के लिए प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी सराहना के पात्र हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम में मौजूद शहर की प्रतिष्ठित हस्तियों के प्रति उनकी उपस्थिति के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस मौके पर श्री सुखदेव सिंह (एम.डी. ए.जी.आई. इंफ्रा लिमिटेड, जालंधर), श्री रमन जैन (एम. डी भोला शाह ग्रुप, जालन्धर)श्री मनोहर सिंह (रीजनल हेड, यूनियन बैंक) श्री अजय कुमार (स्टोर मैनेजर तनिष्क), सुश्री सीमा सोनी (जोनल प्रोग्रामिंग डायरेक्टर, रेडियो सिटी)श्री अमरदीप साही (सीनियर मैनेजर, रेडियोसिटी) श्री सुरिंदर रहसी (जनरल मैनेजर लवली ऑटोस) श्री अजय कौशल (जनरल मैनेजर, लवली ऑटोस) श्रीमती अमनदीप तथा श्री सुखजीत सिंह (एम. डी तथा ई. डी, पुखराज हेल्थ केअर प्रा. लिमि.) श्री रमन नेगी (जावेरी गुजरांवाला ज्वेलर्स, जालंधर) को उनके द्वारा सुकृति फैशन फिएस्टा -23 के आयोजन में दिए गए सहयोग के लिए सम्मानित एवं अभिनंदित किया गया।

के.एम.वी. में हुआ स्विमिंग अकैडमी का उद्घाटन

भारत की विरासत एवं ऑटोनॉमस संस्था, कन्या महा विद्यालय, जालंधर के द्वारा समय-समय पर विभिन्न ऐसे कदम उठाये जाते हैं जिससे जनमानस तक स्वस्थ रहने के महत्व का संदेश फैलाया जा सके। इसी शृंखला में कन्या महा विद्यालय में के.एम.वी. स्विमिंग अकैडमी का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर श्रीमती वाणी विज, डायरेक्टर, दैनिक सवेरा नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुई जिनका विद्यालय प्रिंसिपल प्रो. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर संबोधित होते हुए प्राचार्या जी ने बताया कि इस स्विमिंग अकेडमी के रूप में कन्या महा विद्यालय शहर वासियों के लिए एक नायाब तोहफा लेकर आया है जिससे उन्हें शारीरिक एवं मानसिक रूप से तंदुरुस्त रहने में सहायता मिलेगी। उन्होंने बताया कि बेहद कम फीस में यह अकेडमी सप्ताह के सातों दिन अपनी शानदार सुविधाओं के साथ विद्यालय की छात्राओं तथा बाहर की लड़कियों एवं महिलाओं के लिए खुली रहेगी। 5 वर्ष तथा इससे अधिक आयु के बच्चों से लेकर 12 वर्ष तक की आयु के लड़के इससे लाभान्वित हो सकते हैं। इस अकेडमी में जहां प्रोफेशनल महिला एवं पुरुष कोचेस के द्वारा कोचिंग प्रदान की जाएगी वहीं साथ ही पर्सनल कोचिंग का भी प्रबंध किया गया है। इस एकेडमी में साफ एवं शुद्ध पानी के साथ-साथ स्वच्छता का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। विद्यालय परिसर में बनी यह अकेडमी स्विमिंग के लिए आने वालों को खुली पार्किंग की भी सुविधा प्रदान करती है। मुख्य अतिथि श्रीमती वाणी विज ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन शैली मानव जीवन का मजबूत आधार है और इस दिशा की ओर विशेष रूप से महिलाओं को स्विमिंग पूल की सुविधा मुहैया करवाने का कन्या महाविद्यालय का यह कदम बेहद सराहनीय है। प्राचार्या डॉ अतिमा शर्मा द्विवेदी ने उद्घाटन के लिए डॉ देवेंद्र सिंह तथा फिज़िकल एजुकेशन विभाग के द्वारा किए गए प्रयत्नों की भरपूर सराहना की।

अमर ज्योति समारोह

अमर ज्योति समारोह में छात्राओं को दी गई भावभीनी विदाई।

विरासत एवं स्वायत्त संस्था कन्या महाविद्यालय, जालंधर में इस अकादमिक सत्र में शिक्षा पूर्ण करने वाली छात्राओं के लिए विदाई समारोह 'अमरज्योति' का आयोजन किया गया। पवित्रता और सादगी की छाप छोड़ने वाला यह समारोह विद्यालय की गौरवशाली परम्परा का अभिन्न हिस्सा है। आज के इस महत्वपूर्ण समारोह में डॉ. (श्रीमती) सुषमा चावला (उपाध्यक्ष, कन्या महाविद्यालय प्रबंधकर्तृ सभा) मुख्यतिथि के रूप में सहभागी हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीया श्रीमती सुशीला भगत जी, (सदस्य, विद्यालय प्रबंधकर्तृ सभा) ने की। उनके साथ विद्यालय प्रबंधकर्तृ सभा के माननीय सदस्यों श्रीमती दीपाली लूथरा, श्रीमती शिव मित्तल, डॉ. एस.पी. गुप्ता ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया। विद्यालय प्राचार्या प्रो. डॉ. श्रीमती अतिमा शर्मा द्विवेदी ने 137 वें अमरज्योति समारोह में सभी आमंत्रित अतिथियों का अभिवादन करते हुए कहा है कि विद्यालय की परंपरा का अभिन्न हिस्सा रहा यह समारोह आधुनिकता और परंपरा का का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करने वाली संस्था के आदर्श एवं उद्देश्य के अनुकूल है। प्रगतिशील शिक्षा, संस्कृति, भारतीयता और नारी शिक्षा का केंद्र कन्या महा विद्यालय की ऐतिहासिक भूमि को नमन करते हुए सभी विदा लेने वाली छात्राओं को शुभकामनाएं देते माननीया प्राचार्या जी ने कहा कि इस संस्था में सुशिक्षित और दीक्षित होकर आप अपने संतुलित व्यवहार और ज्ञान से अपने परिवार और समाज के उत्थान में सहायक हों और जीवन मे निरंतर सफ़लता के उच्च शिखरों को छुएं ।

इसके पश्चात सभी छात्राओं ने इस अवसर पर गाए जाने वाले परंपरागत गीतों 'नमो देश भूमि नमस्ते नमस्ते' तथा 'जय जय जननी जय जय माता' के द्वारा अपने देश और विद्यालय के प्रति अपनी भावनाओं को भावपूर्ण अभिव्यक्ति दी। इसके पश्चात इस वर्ष विद्यालय से विदा लेने वाली छात्राओं ने विद्यालय से जुड़ी अपनी स्मृतियों को भावपूर्ण अभिव्यक्ति दी।

Scanned with OKEN Scanner

शिक्षा सम्पूर्ण करने वाली छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सम्पूर्ण विद्यालय परिवार की ओर से शुभकामनाएं देते हुए प्राचार्या महोदया प्रो. डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी जी ने सभी छात्राओं को आशीष तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में दीर्घ एवं सराहनीय कार्यकाल के पश्चात सेवामुक्त हो रहीं वरिष्ठ प्राध्यापिकाओं श्रीमती साधना टंडन, अध्यक्ष, जूओलॉजी विभाग, श्रीमती इकबाल कौर अध्यक्ष, पंजाबी विभाग को उनके कार्य एवं विद्यालय के प्रति उनकी निष्ठा तथा समर्पण भाव के लिए सम्मानित किया गया। इसी क्रम में इस अकादमिक सत्र में नैतिक शिक्षा (मॉरल एजुकेशन) की विशेष कक्षाएं लेने वाले सभी प्राध्यापकों को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

माननीय मुख्यतिथि महोदया डॉ. श्रीमती सुषमा चावला ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि के .एम .वी से प्राप्त शिक्षा और जीवन मूल्यों के अनुरूप आचरण करते हुए परिवार, समाज और सम्पूर्ण विश्व के कल्याण में योगदान दें। उन्होंने छात्राओं अपने मन और शरीर के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देते हुए उनके सफ़ल और सुखद भविष्य के लिए अगणित शुभकामनाएं दीं। समारोह की अध्यक्षा श्रीमती सुशीला भगत जी ने भी विदा लेने वाली छात्राओं को शुभाशीष दी। कार्यक्रम का आरंभ 'वंदे मातरम' के गायन और समापन 'हम होंगे कामयाब एक दिन' गीत के साथ हुआ।

पाठ्येतर गतिविधियां :

पाठ्येतर गतिविधियों से न केवल छात्राओं की प्रतिभा को बल मिलता है बल्कि उनकी इच्छाएं भी पूर्ण होती है और उनका मनोबल भी बढ़ता है। इस वर्ष संस्था में हुई पाठ्येतर गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है :-

1. पोस्ट ग्रेजुएट डिपार्टमेंट ऑफ़ फैशन डिजाइनिंग की ओर से 26 जुलाई 2022 को कारगिल के नायकों को अपने धरा के लिए जीवन कुर्बान कर देने पर सम्मानित करने हेतु 'कारगिल विजय दिवस' मनाया गया। छात्राओं ने स्लोगन लिखे, पोस्टर बनाए और फेस पेंट किए। इसमें 40 छात्राओं ने भाग लिया।
2. 8 अगस्त 2022 को इसी विभाग की छात्राओं ने भारतीय क्राफ्ट और इसकी महत्ता को उजागर करने के लिए 'स्प्लेंडर ऑफ इंडियन हैंडलूम्स' कार्यक्रम करवाया, जिसमें 350 छात्राओं ने भाग लिया।
3. इसी विभाग की 15 छात्राओं को लुधियाना में 'परमेश्वरी सिल्क मिल्स लिमिटेड' में औद्योगिक यात्रा हेतु ले जाया गया इस दौरान छात्राओं ने 'सिल्क फैब्रिक केंद्र' का दौरा किया। उन्होंने वीविंग, डाइंग, प्रिंटिंग आदि तकनीक के बारे में भी ज्ञान प्राप्त किया।
4. फैशन डिजाइनिंग विभाग की ओर से 9 अगस्त 2022 को 'सृजनात्मकता और एंटरप्रेन्योरल लीडरशिप' को प्रोमोट करने के लिए राखी मेकिंग कम्पीटीशन करवाया जिसमें 60 छात्राओं ने भाग लिया।
5. 10 अगस्त 2022 को इसी विभाग की ओर से हाथ की बनी हुई राखियों और 'इको फ्रेंडली' वातावरण को प्रमोट करने के लिए राखी स्टॉल लगाया गया जिसमें 80 छात्राओं ने भाग लिया।
6. इसी विभाग की ओर से 15 अगस्त 2022 को '75वां स्वतंत्रता दिवस' मनाया गया। इसमें छात्राओं ने तीन रंग के कपड़े डिजाइन किए और बहुत ही सुंदर परिधान बनाए। 40 छात्राओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।
7. 30 अगस्त 2022 को इसी विभाग की ओर से भारतीय कढ़ाई में दक्षता के उद्देश्य से 'एंब्रॉयडरी कम्पीटीशन' करवाया गया,जिसमें 46 छात्राओं ने भाग लिया।
8. 17 सितंबर 2022 को नगर निगम, जालंधर के भारतीय स्वच्छता लीग के अंतर्गत सस्टेनेबिलिटी को प्रोमोट करने के लिए और फैशन इंडस्ट्री के टेक्सटाइल वेस्ट व प्लास्टिक का प्रयोग कम करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया,जिसमें 70 छात्राओं ने भाग लिया।
9. 12 अक्टूबर 2022 को छात्राओं की सृजनात्मकता व प्रतिभा को प्रकट करने के लिए 'करवा चौथ स्टॉल' लगाया गया, जिसमें 150 छात्राओं ने भाग लिया।
10. 16 अक्टूबर 2022 को फैशन डिजाइनिंग विभाग की ओर से छात्राओं की सृजनात्मकता को आगे लाने के लिए और सिंथेटिक लाइट्स के स्थान पर मिट्टी के दीयों का प्रयोग करने हेतु 'दीवाली एक्स्ट्रावैगेंजा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 450 छात्राओं ने भाग लिया।
11. 1 नवंबर 2022 को 'हेलोवीन डे' मनाया गया। इसमें 85 छात्राओं ने अपने फेस पेंट किए।

Scanned with OKEN Scanner

12. 11 नवंबर 2022 को 'वार्म कलर डे' मनाया गया और इन रंगों का हमारे जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है, इसका भी ज्ञान दिया गया।
13. 17 नवंबर 2022 को जोनल यूथ फेस्टिवल के अंतर्गत एक छात्रा ने भाग लिया।
14. 18 नवंबर 2022 को कंट्रास्ट कलर का आयोजन किया गया। छात्राओं को इसकी जानकारी दी गई और यह भी बताया क्या कि रंग इस विश्व को किस प्रकार एक अच्छा स्थान बना सकते हैं। इसमें 35 छात्राओं ने भाग लिया।
15. फैशन डिजाइनिंग विभाग की ओर से ही 12 दिसंबर 2022 को पंजाब 'इंटर कॉलेज यूथ फेस्टिवल' के अंतर्गत एक छात्रा ने भाग लिया।
16. 26 जनवरी 2023 को फैशन डिजाइनिंग विभाग की ओर से इंटर कॉलेज कम्पीटीशन करवाया गया। छात्राओं ने इसमें तिरंगी टी शर्ट्स पेंट की और Key Chains बनाए। इसमें 50 छात्राओं ने भाग लिया।
17. 14 अगस्त 2022 को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में फाइन आर्ट्स विभाग की ओर से 'पोस्टर मेकिंग कम्पीटीशन' करवाया गया।
18. 17 सितंबर 2022 को फाइन आर्ट्स की छात्राओं ने 'टैलेंट हंट' में भाग लिया।
19. 30 अक्टूबर 2019 को फाइन आर्ट्स विभाग की ओर से छात्राओं को 'यूथ फेस्टिवल' की तैयारी करवाई गई।
20. 15-16 अक्टूबर को फाइन आर्ट्स विभाग की ओर से 'दीवाली प्रदर्शनी' लगाई गई।
21. 15 नवंबर 2022 को फाइन आर्ट्स की छात्राओं ने यूथ फेस्टिवल में भाग लिया।
22. 25 जनवरी 2023 को फाइन आर्ट्स विभाग की ओर से 'गणतंत्र दिवस' और 'बसंत पंचमी' के अवसर पर 'पोस्टर मेकिंग' कम्पीटीशन करवाया गया।
23. 30 जनवरी 2023 को फाइन आर्ट्स की छात्राओं को 'गांधी जयंती' के अवसर पर एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई।
24. 9 अगस्त 2022 को कॉमर्स विभाग की ओर से 'राखी मेकिंग कम्पीटीशन' करवाया गया जिसमें 60 छात्राओं ने भाग लिया।
25. 10 अगस्त 2022 को कॉमर्स विभाग की ओर से 75 वें स्वतंत्रता दिवस के अंतर्गत 'इंटर क्लास कम्पीटीशन' करवाया गया जिसमें 450 छात्राओं ने भाग लिया।
26. 12 अक्टूबर 2022 को कॉमर्स विभाग की ओर से 'कॉमर्स मेला' का आयोजन किया गया जिसमें 350 छात्राओं ने भाग लिया।
27. अंग्रेजी विभाग की ओर से गर्मियों की छुट्टियों में 'स्पोकन इंग्लिश' पर एक समर कैंप लगाया गया जिसमें 60 छात्राओं ने भाग लिया।
28. अंग्रेजी विभाग की ओर से 'लिटमेनिया' नामक एक समारोह करवाया गया जिसमें श्री चंद्रमोहन, प्रधान, आर्य शिक्षा मंडल मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे। विद्यालय प्राचार्या प्रो. डॉ.अतिमा शर्मा ने सभी अतिथियों और विभिन्न कॉलेजों से आई हुई टीमों का स्वागत किया। इसमें 25 अलग-अलग कॉलेजों ने भाग लिया। ओवरऑल ट्रॉफी 'खालसा कॉलेज, अमृतसर' को प्रदान की गई। फर्स्ट रनर्स अप की ट्रॉफी कन्या महाविद्यालय, जालंधर को दी गई और लायलपुर खालसा कॉलेज, जालंधर को सेकंड राणा साहब की ट्रॉफी प्रदान की गई।
29. अंग्रेजी विभाग की ओर से 11 अगस्त 2022 को 'राखी मेकिंग कम्पीटीशन' करवाया गया। इस में 'डिपार्टमेंट ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर' की छात्राओं ने भी भाग लिया। छात्राओं ने रंग-बिरंगी, इको-फ्रेंडली, हाथ से बनी हुई ,तिरंगा राखी, बीज राखी और थाली सजाने की प्रतियोगिता में भाग लिया।
30. अंग्रेजी विभाग की ओर से 'आजादी के अमृत महोत्सव' के रूप में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर प्रिंसिपल प्रो डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी, प्राध्यापकों और छात्राओं ने विद्यालय मार्ग पर यह यात्रा की।
31. 21 अक्टूबर 2022 को अंग्रेजी विभाग और डिपार्टमेंट ऑफ जेएमसी की ओर से 'इको फ्रेंडली दीवाली' मनाई गई। इसमें 200 छात्राओं ने भाग लिया।
32. कन्या महाविद्यालय से लेकर देवी तालाब मंदिर तक चली यह दीवाली यात्रा 'ग्रीन दीवाली क्लीन दीवाली', 'पॉल्यूशन फ्री दीवाली' आदि स्लोगनों से युक्त थी।
33. कन्या महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की ओर से 19 से 23 सितंबर 2022 तक पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय एफडीपी प्रोग्राम करवाया गया। 'बिल्डिंग राइटिंग स्किल्स' पर आधारित इस प्रोग्राम में 400 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।
4. कन्या महाविद्यालय में एक 'एंटी रैगिंग सैल' है जिसमें छात्राओं को यह विश्वास दिलाया जाता है कि यहां पर 'एंटी रैगिंग और स्टूडेंट फ्रेंडली' वातावरण है।
5. संस्था में एक 'लॉस्ट एंड फाउंड' सैल भी है, जिसमें छात्राओं या प्राध्यापकों की अमूल्य व गुम हुई वस्तुएं रखी जाती हैं और उसके वास्तविक मालिक को सौंप दी जाती हैं। पूरे सत्र में यह सेल गुमी हुई चीजों को ढूंढने में सहायता करता है।
6. डिपार्टमेंट ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर के अंतर्गत एक 'काउंसलिंग सैल' है जिसके अंतर्गत छात्राओं की मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को लेकर उनकी काउंसलिंग की जाती है। प्रतिदिन छात्रावास में रहने वाली छात्राएं और स्कॉलर छात्राएं काउंसिलर के पास आती हैं। जिनके भीतर किसी प्रकार का भय है उन्हें भी काउंसलिंग द्वारा दूर किया जाता है।
7. 'ग्रीवेंस रिड्रेसल सेल' छात्राओं की अनेक समस्याओं का समाधान करता है ताकि छात्राएं बहुत आरामदायक और तनाव रहित माहौल में रह सकें।
8. कॉलेज का एक और सैल है 'सैल अगेंस्ट सेक्सुअल हैरेसमेंट' इस सैल के द्वारा छात्राओं के लिए स्वस्थ वातावरण प्रदान किया जाता है। लोगों और सभी छात्राओं को समाज संबंधी बातों और सेक्सुअल हैरेसमेंट संबंधी जागरूकता प्रदान की जाती है।
9. कॉलेज का बुक बैंक भी है जो पूरे वर्ष काम करता है। इसमें सभी छात्राएं अपने पूर्व वर्ष की किताबें जमा कराती हैं और नई छात्राएं कोई भी पुस्तक पूरे वर्ष के लिए नि:शुल्क इशू करा सकती हैं।
10. कॉलेज का एक 'अनुशासन समूह' है। उस समूह को उनके कर्तव्य बताए जाते हैं और वे कॉलेज में अनुशासन कायम रखते हैं।
11. कुछ छात्राएं ऐसी भी है जिन्हें कॉलेज के कैंपस को साफ रखने के जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी 'क्लीनलीनेस कॉप्स' का चयन किया गया है।
12. कॉलेज में 'स्टूडेंट काउंसिल' भी है जिनमें संस्था की सहायता के लिए स्टूडेंट लीडर्ज़ भी चुने जाते हैं। डिपार्टमेंट ऑफ स्टूडेंट्स वेलफेयर इन छात्राओं को उनके कर्तव्य बताता है। इस काउंसिल में 100 से ज्यादा छात्राएं हैं जिन्हें संस्था में होने वाले समारोहों की अलग-अलग ड्यूटी सौंपी जाती हैं।

Scanned with OKEN Scanner

13. 9 मार्च 2023 को नारी सशक्तीकरण पर संस्था द्वारा एक जागरूकता संगोष्ठी की गई। स्टूडेंट वेलफेयर विभाग की ओर से आयोजित इस संगोष्ठी में 'विमेन हेल्पलाइन नंबर' और 'प्रिवेंशन ऑफ साइबर क्राइम' के विषय में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर श्री दमन वीर सिंह, पीपीएस, एसीपी, नॉर्थ पुलिस कमिश्नरेट-मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

14. 12 नवंबर 2022 को स्टूडेंट वेलफेयर विभाग की ओर से 'लीगल सर्विसेज स्कीम एंड फंडामेंटल राइट्स विषय' पर एक विस्तार व्याख्यान करवाया गया। जिसमें हरप्रीत कौर सीजीएम कम सेक्रेटरी डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथॉरिटी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थी।

15. 16 सितंबर 2022 को स्टूडेंट वेलफेयर विभाग की ओर से 'ओज़ोन डे' मनाया गया इसमें छात्राओं को ग्लोबल पर्यावरण के मुख्य मुद्दों को लेकर जागरूक किया गया। छात्राओं ने इसमें पोस्टर्स बनाए, स्लोगन लिखे और पर्यावरण संबंधी समस्याओं को रंगोली में संकेतित किया।

16. 5 जून 2022 को विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य के लिए 'वर्ल्ड एनवायरमेंट व हेल्थ डे' मनाया गया। इसमें छात्राओं के क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन, कविता लेखन और फोटोग्राफी के कम्पीटीशन करवाये गये।

17. 25 अगस्त 2022 को कॉलेज में फ्री आई चेकअप कैंप लगाया गया। 300 से अधिक छात्राओं ने अपनी आंखों का टेस्ट करवाया। 'अरोरा आई हॉस्पिटल' से एक टीम ने कॉलेज में दौरा किया।

18. 19 अक्टूबर 2022 को स्टूडेंट काउंसिल के सदस्यों का अभिषेक समारोह (इन्वेस्टीचर सेरेमनी)करवाया गया। काउंसिल मेंबर्ज़ ने कॉलेज के प्रति प्रत्येक कर्तव्य को निभाने की शपथ ली। विद्यालय प्राचार्या जी ने छात्राओं को बैजेस लगा कर सम्मानित किया। सभी छात्राओं को अलग-अलग कार्य के लिए प्रभारी बनाया गया और मनलीन को और को हेड गर्ल का खिताब दिया गया।

19. 19 अक्टूबर 2022 को स्टूडेंट वेलफेयर विभाग की ओर से 'अचीवर्ज़ डे' मनाया गया और उसमें मेधावी छात्राओं को फाइनल परीक्षा में उच्च स्थान ग्रहण करने के लिए सम्मानित किया गया। लगभग 150 छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

20. 10 दिसंबर 2022 को 'इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स डे' मनाया गया। इस अवसर पर अनेक छात्राओं को सम्मानित किया गया।

21. 22 नवंबर 2022 को 'संविधान दिवस' मनाया गया। स्टूडेंट वेलफेयर विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में 150 छात्राओं ने ऑनलाइन क्विज में भी भाग लिया।

22. 2 दिसंबर 2022 को प्राध्यापकों द्वारा छात्राओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए एचआईवी की इंफेक्शन से होने वाले रोग 'एड्स' के बारे में जागरूक किया गया। 50 से अधिक छात्राओं ने इसमें भाग लिया और उन्होंने पोस्टर बनाकर, स्लोगन लिखकर, एड्स के कारण और बचाव के बारे में जानकारी प्रदान की।

23. 16 नवंबर 2022 को सभी छात्राओं ने 'करप्शन फ्री इंडिया' से संबंधित शपथ ग्रहण की। यह 'एंटी करप्शन कैम्पैन' 'पंजाब विजिलेंस ब्यूरो' की तरफ से लाँच की गई।

24. 12 जनवरी 2023 को 'लोहड़ी' का उत्सव बहुत उमंग से मनाया गया। छात्राओं ने लोहड़ी के इस उत्सव पर अनेक लोकगीत एवं लोक नृत्य प्रस्तुत किए।

25. 9 फरवरी 2023 को कन्या महाविद्यालय में 'स्प्रिंग कार्निवाल' आयोजित किया गया। बहुत सारे स्टॉल्स लगाए गये। इस अवसर पर विख्यात गायक श्री अंगद, श्री राज सोहल, श्री शुभम विर्क तथा शैली आए और उन्होंने गीत गाकर छात्राओं का मनोरंजन किया।

26. 26 जनवरी 2023 को अपने पिछले वर्षों की परंपराओं को कायम रखते हुए कन्या महाविद्यालय में 75वें गणतंत्र दिवस का आरंभ राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया। स्टूडेंट वेलफेयर विभाग की ओर से 'बुकमार्क मेकिंग' और 'कैलीग्राफी' प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें छात्राओं ने अपने रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया।

27. कन्या महाविद्यालय के लिए और गौरव की बात है कि यह संस्था पहले से ही ऑटोनॉमस थी अब इसे यूजीसी की ओर से 10 साल की एक्सटेंशन और मिल गई है। 'स्टूडेंट वेलफेयर विभाग' ने समस्त कॉलेज की भाँति इसे बहुत उत्साह से मनाया।

28. 4 मार्च 2023 को स्टूडेंट्स वेलफेयर विभाग की ओर से 'इको फ्रेंडली तिलक होली' मनाई गई छात्राओं को मिठाइयां भी बांटी गई।

29. 12.3.2023 को 'नारी सशक्तीकरण' पर एक जागृति संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में छात्राओं को विमेन हेल्पलाइन नंबर और साइबर क्राइम से कैसे बचा जा सकता है- इसका अर्थ समझाया गया। यह सेमिनार जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन विभाग, अंग्रेजी विभाग तथा स्टूडेंट वेलफेयर विभाग द्वारा आयोजित किया गया। संगोष्ठी में मिस्टर दमन वीर सिंह पीपीएस, एसीपी, नार्थ, पुलिस

Scanned with OKEN Scanner

कमिश्नरेट, जालंधर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस समारोह में इंस्पेक्टर गुरदीप लाल इंचार्ज-डिस्ट्रिक्ट सांझ सेंटर, इंस्पेक्टर संजीव कुमार भनोट, इंचार्ज-सब डिविजन सेंट्रल एंड नॉर्थ सेंटर, श्री रघुवीर सिंह, इंचार्ज-साइबर क्राइम सेल, कमिश्नरेट, जालंधर श्रीमती परवीन अबरोल, प्रेसिडेंट-'दिव्य दृष्टि' एनजीओ तथा प्रिंसिपल प्रोफेसर अतिमा शर्मा द्विवेदी मौजूद थे।

एन सी सी (NCC)

कन्या महाविद्यालय पहली संस्था है जिसे एनसीसी मिला। एनसीसी ने हमेशा इस संस्था ने बहुत बढ़िया भूमिका निभाई है। इस संस्था के पास 105 लड़कियों का एक बहुत ही स्ट्रांग यूनिट है। एन सी सी की छात्राएं हमेशा चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहती हैं। 17 अगस्त 2022 को इस संस्था को एनसीसी का सर्वश्रेष्ठ संस्थान चुना गया और सम्मान प्रदान प्रदान किया गया। इसकी केयरटेकर ऑफिसर श्रीमती सुफलिका कालिया है और office bearers में मैडम सीमा अरोड़ा (अंग्रेजी विभाग) हैं। बीएससी ऑनर्स मैथमेटिक्स सेमेस्टर 5 की छात्रा सुश्री वजिंदर कौर सीनियर अंडर ऑफिसर है।

एनसीसी की ओर से करवाई गई गतिविधियों का विवेचन इस प्रकार है :

1. 21 जून 2022 को एनसीसी की ओर से योग दिवस मनाया गया। इसमें हॉस्टल की सभी छात्राएं, एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस की छात्राएं प्रतिभागी थीं। लगभग 100 छात्राओं ने योग दिवस में भाग लिया। एक दिन के योग में छात्राओं ने शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य का संदेश दिया और यह शपथ भी ली कि वे योग को अपने जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बनाएंगी। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी, श्रीमती आशिमा साहनी, डॉ. सोनिक भाटिया, डॉ. नीरज शर्मा, डॉ. देवेंद्र सिंह, श्री सहजपाल सिंह और श्रीमती सुफालिका कालिया भी मौजूद थे।
2. 21 जुलाई 2022 से 30 जुलाई 2022 तक सीएटीसी कैंप लगाया गया। यह सिर्फ बी और सी सर्टिफिकेट के कैडेट्स के लिए था। इसमें 37 प्रतिभागियों ने भाग लिया और इस प्रोग्राम का स्थल हंस राज महिला महाविद्यालय, जालंधर था। एनसीसी कैडेट्स ने 10 दिनों के इस ट्रेनिंग कैंप में बेहतरीन प्रदर्शन किया। लेआउट प्रतियोगिता में इस कॉलेज में पहला स्थान हासिल किया। फायरिंग में श्रुति सिंह ने दूसरा, गार्ड ऑफ ऑनर और रस्साकशी में भी कैडेट्स ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। सार्जेंट हरविंदर कौर को दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए चुना गया, जबकि सार्जेंट याशिका शर्मा को दिल्ली में थल सेना कैंप के लिए चुना गया। वजिन्दर कौर और श्रुति सिंह को सर्वश्रेष्ठ कैडिट घोषित किया गया।
3. 26 जून 2022 को एनसीसी विभाग की ओर से अपनी छात्राओं को सीमा पर तैनात सिपाहियों के प्रति जागरूक करने के लिए कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कन्या महाविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में 8 छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने उन सिपाहियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिनके बारे में जिन्हें दुनिया जानती है और उन सिपाहियों के बारे में भी जो लोगों की आंखों से ओझल रहे। जिन्होंने कारगिल युद्ध में लोगों की जान बचाने के लिए अपने आप को कुर्बान कर दिया।
4. 21 जून से 15 अगस्त 2022 तक दिल्ली में कन्या महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा इंडिपेंडेंस डे कैंप लगाया गया। इन छात्राओं ने पंजाब, हरियाणा, हिमाचल और चंडीगढ़ डायरेक्टोरेट व दिल्ली के विद्यार्थियों के साथ भाग लिया। सार्जेंट श्रुति करवाल और सार्जेंट हरविंदर कौर ने स्वतंत्रता दिवस कैंप में भांगड़ा नृत्य किया और सीएटीसी कैंप भी लगाया।
5. 10 से 14 अगस्त 2022 को आजादी का अमृत महोत्सव, हर घर तिरंगा व फ्लैग मार्च के उद्देश्य से कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा 'हर घर तिरंगा' के नारे में प्रतिभागिता दर्ज की। इसमें कुल 36 छात्राओं ने भाग लिया और कन्या महाविद्यालय से लेकर दोआबा चौक तक फ्लैग मार्च किया। छात्राओं ने अपने भारतीय होने पर गौरव भी व्यक्त किया।
6. एन सी सी की ओर से 6 अगस्त से 15 अगस्त 2022 तक स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया। जिला स्तर पर होने वाले 15 अगस्त के आयोजन में सीएमडी की छात्राओं ने भाग लिया। गुरु गोविंद सिंह स्टेडियम, जालंधर में के.एम.वी की 7 छात्राओं ने भाग लिया।
7. 15 अगस्त 2022 को छात्राओं ने स्वतंत्रता दिवस मनाया और इससे उन्होंने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर देने वाले शहीदों को स्मरण किया इसमें तीन छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर आर्य शिक्षा मंडल के प्रधान श्री चंद्र मोहन जी, प्राचार्या प्रो डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी जी भी उपस्थित थे। उनकी उपस्थिति में सभी ने मिलकर वंदे मातरम और राष्ट्रगान गाया। छात्राओं ने अनेक प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रिंसिपल डॉ. अतिमा शर्मा ने छात्राओं को राष्ट्रीय त्योहारों के विषय में जागरूक किया और राष्ट्रीय नायकों की कुर्बानियों के बारे में भी जानकारी दी।

Scanned with OKEN Scanner

8. 17 अगस्त 2022 को एनसीसी के संदर्भ में कन्या महाविद्यालय को बेस्ट इंस्टीट्यूशन अवार्ड दिया गया। केएमवी को यह सम्मान एनसीसी और समाज सेवा की गतिविधियों को बढ़ावा देने के राष्ट्रीय कैडेट कॉर्प्स की तरफ से दिया गया। सर्वश्रेष्ठ संस्थान का पुरस्कार उन्हें स्थानीय लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में दिया गया।

9. 20 अगस्त से 27 अगस्त 2022 को एन सी सी की ओर से बेसिक लीडरशिप कैंप लगाया गया। इसमें के एम वी की एनसीसी टीम के साथ पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ निदेशालय के विद्यार्थी भी उपस्थित थे। यह कार्यक्रम एनसीसी अकैडमी, मलोट में किया गया। के एम वी ने बीएलसी में 10 मेडल प्राप्त किए। प्राचार्या प्रो डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने कैडेट्स की मेहनत की सराहना की।

10. 10 सितंबर से 12 सितंबर 2022 को एनसीसी की ओर से 'रॉक क्लाइंबिंग ट्रेनिंग' कराई गई। इसमें के एम् वी की छात्राओं ने एनसीसी में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल और चंडीगढ़ निदेशालय का भी प्रतिनिधित्व किया। इसमें हमारे दो प्रतिभागियों ने भाग लिया। उत्तराखंड के पिथौरगढ़, कुमाऊं में कैंप लगाया गया। के एम वी के एनसीसी कैडेट्स ने यहाँ आयोजित 'साहसिक फाउंडेशन कोर्स' में भाग लिया और इसमें उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया। जिला कुमाऊं में 'रॉक क्लाइंबिंग ट्रेनिंग' के लिए सार्जेंट हरविंदर को कैंप का सीनियर चुना गया और कैंप में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए मेडल से सम्मानित किया गया. सार्जेंट श्वेता राणा को ट्रेनिंग पूरी करने पर सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया ।

11. 16 सितंबर 2022 को पोस्ट ग्रेजुएट डिपार्टमेंट ऑफ लाइफ साइंसेज, स्टूडेंट वेलफेयर, एनसीसी व रेड रिबन क्लब के सहयोग से 'विश्व ओजोन दिवस' मनाया गया जिसमें पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग और रंगोली मेकिंग प्रतियोगिताएं करवाई गई। इसमें 200 के लगभग छात्राओं ने भाग लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया। उन्होंने ओजोन परत की रक्षा करने के लिए पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

12. 14 सितंबर से 25 सितंबर 2022 को एनसीसी विभाग की ओर से थल सेना कैंप लगाया गया। कैंप के दौरान यशिका ने डायरेक्टोरेट का प्रतिनिधित्व कर कैंप कमांडेंट ऑफिस को लाइन एरिया के बारे में जानकारी दी। पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ से एसएसबी के लिए समूह चर्चा व साक्षात्कार के अतिरिक्त उसने ग्रुप स्तर पर ऑप्टिकल्स एंड टीचिंग, स्वास्थ्य और स्वच्छता आदि प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया और दिल्ली में पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ डायरेक्टरेट का प्रतिनिधित्व किया।

13. 31 अक्टूबर 2022 को एनसीसी विभाग द्वारा 'एकता के लिए दौड़' का आयोजन किया। इसमें 30 छात्राओं ने हिस्सा लिया। 'राष्ट्रीय एकता दिवस' पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को समर्पित इस दिवस के अवसर पर विशेष तौर पर 'रन फॉर यूनिटी' आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत एनसीसी के अतिरिक्त एनएसएस, फिजिकल एजुकेशन विभाग, रेड रिबन क्लब और स्टूडेंट वेलफेयर विभाग की छात्राओं ने भाग लिया। इन्होंने देश भक्ति के नारे लगाए और सरदार पटेल के प्रति अपने श्रद्धा प्रकट की।

14. 3 नवंबर से 12 नवंबर 2022 को एनसीसी विभाग की ओर से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया गया। एनसीसी कैडेट अंडर ऑफिसर श्रुति सिंह ने 10 दिवसीय ऑफिसर ट्रेनिंग अकैडमी, चेन्नई कैंप 2022 में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

15. 22 नवंबर से 7 दिसंबर 2022 तक एनसीसी विभाग की ओर से आयोजित 16 दिवसीय सुपर 30, एसएसबी कोचिंग कैप्सूल कैंप में एनसीसी कैडेट्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस कैंप में सीनियर अंडर ऑफिसर वजेंद्र कौर तथा अंडर ऑफिसर श्रुति सिंह ने इंटरव्यू स्किल्स ,सेल्फ डिस्क्रिप्शन, ग्रुप प्लानिंग टास्क, ग्रुप स्टोरी, ग्रुप डिस्कशन, ग्रुप ऑप्टिकल्स, सिचुएशन रिएक्शन टेस्ट, वर्ड एसोसिएशन टेस्ट तथा जनरल अवेयरनेस के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। इसके अतिरिक्त इस कैंप के दौरान क्रेडिट स्कोर, एसएसबी के बारे में समझाने के साथ-साथ उनमें नेतृत्व के गुण, एक अच्छे अधिकारी के गुण तथा एक प्रभावशाली असर विकसित करने के बारे में भी बताया गया। इस कैंप के दौरान क्रेडिट स्कोर इंटर विजुअल काउंसलिंग भी प्रदान की गई ताकि छात्राएं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की प्रतियोगिताओं को पहली ही बार में उत्तीर्ण कर सकें।

16. 20 जनवरी 2023 को एनसीसी विभाग के द्वारा 'हाउ टू क्रैक एसएसबी इन फर्स्ट अटेम्प्ट' विषय पर एक वेबीनार कराया गया जिसमें इस परीक्षा के अलग-अलग पैटर्न को समझाया गया। यद्यपि यह प्रोग्राम ऑनलाइन था पर इसमें 50 छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर श्री संदीप सिलारिया बी ई इलेक्ट्रॉनिक्स, अध्यक्ष, (मार्केटिंग कॉरपोरेशन) ऑडियो फॉर लर्निंग प्राइवेट लिमिटेड और मिस्टर दीपक ठाकुर बीटेक (सिविल) अध्यक्ष ऑडियो फॉर डिफेंस फील्ड प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित हुए।

Scanned with OKEN Scanner

17. 11 जनवरी से 22 जनवरी 2023 को एनसीसी की ओर से 12 दिवसीय 'आर्मी अटैचमेंट कैंप' का आयोजन जालंधर कैंट में किया गया। यह कार्यक्रम केएमवी के प्रतिनिधियों और 2 PB (BN) जालंधर की छात्राओं के लिए था। इसमें 10 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। 18 सिख रेजीमेंट का यह कैंप भारतीय सेना के सहयोग से आयोजित हुआ। इस कैंप में भाग लेते हुए कैडेट्स ने एलएमजी राइफल की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग हासिल करते हुए वज्रा ऑफिसर इंस्टिट्यूट खेल स्टेडियम, 10 मीटर इनडोर फायरिंग रेंज, हेलीपैड आदि स्थानों का दौरा किया इस दौरान कैडेट्स सार्जेंट श्वेता राणा, सार्जेंट मनप्रीत कौर और एलसीपीएल मीनाक्षी चौधरी ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ साथ भारतीय जल सेना, थल सेना, वायु सेना के अधिकारियों व कर्मचारियों और वीर नारियों से भेंट की।

18. 26 जनवरी 2023 को एनसीसी विभाग की ओर से गणतंत्र दिवस मनाया गया। गणतंत्र दिवस के महत्व के बारे में छात्राओं को जानकारी देने के लिए इसका आयोजन किया गया। के एम वी में आयोजित इस कार्यक्रम में 50 छात्राओं ने भाग लिया। एनसीसी कैडेट्स, फैकल्टी तथा हॉस्टल स्टाफ की उपस्थिति में वंदे मातरम तथा राष्ट्रगान की ये दोनों रस्में बड़ी राष्ट्रभक्ति के साथ अदा की गई और संस्था की प्राचार्या के द्वारा एनसीसी कैंपों में शानदार प्रदर्शन करने वाले 7 एनसीसी कैडेट्स को सम्मानित किया गया।

19. 20 जनवरी 2023 को एनसीसी विभाग की ओर से एक संगोष्ठी कराई गई जिसका विषय था-**हाउ टू क्रैक एसएसबी इन फर्स्ट अटेम्प्ट** इसमें 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और यह प्रोग्राम ऑनलाइन संपन्न हुआ।

20. 11 जनवरी से 22 जनवरी 2023 तक जालंधर कैंट में 12 दिन का आर्मी अटैचमेंट कैंप लगाया गया। यह कार्यक्रम एनसीसी के कैडेट्स के लिए लाभदायक था। इसमें 10 छात्राओं ने भाग लिया।

21. 26 जनवरी 2023 को कन्या महाविद्यालय में 75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यालय प्राचार्य द्वारा तिरंगा फहराया गया । एनसीसी कैडेट्स तथा हॉस्टल स्टाफ की मौजूदगी में राष्ट्रगान और वंदे मातरम की यह रस्म अदा की गयी। प्राचार्या जी ने समय-समय पर आयोजित राष्ट्रीय स्तर के एनसीसी कैंप शानदार प्रदर्शन करने वाले 7 एनसीसी कैडेट्स को सम्मानित किया ।

22. 21 से 26 जनवरी 2020 को गणतंत्र दिवस से संबंधित कार्यक्रम किए गए। इस कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट लेवल के सेलिब्रेशंस किए गए। गुरु गोबिंद सिंह स्टेडियम, जालंधर में 8 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

23. 29 जनवरी 2023 को बी ई ई और फरवरी 12, 2023 को लिखित परीक्षा 19 फरवरी 2023 को सी ई ई की प्रैक्टिकल परीक्षा ली गयी। इस कार्यक्रम का नाम सी ई ई तथा बी ई ई सर्टिफिकेट एग्जाम था। 27 छात्राओं ने बी ई ई तथा 35 छात्राओं ने सी ई ई परीक्षा में भाग लिया।

24. 21 फरवरी 2023 को एनसीसी विभाग की ओर से विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मेजर जनरल डॉ..जी जी द्विवेदी ने छात्राओं को 'फ्यूचर करियर एस्पेक्ट्स इन इंडियन डिफेंस सर्विसेज' विषय पर व्याख्यान दिया। इसमें 50 छात्राओं ने भाग लिया। उन्होंने सीनियर सेकेंडरी तथा ग्रेजुएशन की शिक्षा के उपरांत सुरक्षाबलों में कैरियर के विभिन्न विकल्पों के बारे में जानकारी प्रदान की और साथ ही सेना में भर्ती के लिए एनडीए की लिखित परीक्षा, एसएस, बीटेक, कानून, मेडिकल, एनसीसी डायरेक्ट एंट्री, सीडीएस लिखित परीक्षा तथा एएफ सी ए टी के बारे में बारे में भी विस्तार से प्रकाश डाला।

25. 10 मार्च 2023 को कन्या महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट श्रुति करबल को नई दिल्ली में सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक प्रदर्शन के लिए एनसीसी के महानिदेशक की ओर से सराहना पत्र और बैज लगाकर सम्मानित किया गया। प्राचार्या जी ने इस उपलब्धि का श्रेय एनसीसी को दिया। उन्होंने कहा इस प्रकार की ट्रेनिंग छात्राओं की समग्र शिक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

एन एस एस (NSS)

कन्या महाविद्यालय, जालंधर ने वर्षों से एक एनएसएस विभाग है जो कॉलेज के भीतर ही नहीं बल्कि कॉलेज के बाहर भी राष्ट्रीय स्तर पर सेवा करता है। प्रतिवर्ष इस विभाग के अंतर्गत अनेक ऐसी गतिविधियां कराई जाती हैं जिससे छात्राओं के हृदय में समाज के प्रति व देश के प्रति सेवा भावना पैदा होती है। इस सेवा भावना से प्रेरित होकर वे छात्राएं अपने कार्यों से न केवल अपना को माता-पिता और कॉलेज का ही नाम रोशन नहीं करती अपितु राष्ट्र के प्रति भी अपने कर्तव्य को निभाती हुई आगे बढ़ती हैं। सत्र 2022 23 में एनएसएस के माध्यम से बहुत सारे कार्य किए गए, जिन का विवेचन इस प्रकार है:-

1. 18 जुलाई 2022 को सुबह 11:00 बजे कॉलेज के आईटी लॉन में 'वन महोत्सव' के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। इसमें पॉलिटिकल साइंस, हिस्ट्री और फैशन डिजाइन विभाग के प्राध्यापक उपस्थित थे।

Scanned with OKEN Scanner

2. 30 जुलाई 2022 को इस विभाग की ओर से करतारपुर के मेडिसिनल गार्डन में एक फील्ड ट्रिप ले जाया गया, जिसमें एफडी और यू बी ए के प्राध्यापक एवं छात्राएं सम्मिलित हुईं।
3. एनएसएस ने एनसीसी, फिजिकल एजुकेशन और स्टूडेंट वेलफेयर विभाग के साथ मिलकर 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत 'तिरंगा यात्रा' की। यह यात्रा कन्या महाविद्यालय से लेकर दोआबा चौक तक संपन्न हुई। 13 अगस्त 2022 को हुई इस यात्रा में 200 छात्राओं और 20 प्राध्यापकों ने भाग लिया।
4. एनएसएस विभाग की ओर से 29 सितंबर 2022 को म्युनिसिपल कॉरपोरेशन जालंधर के सौजन्य से एक स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया गया। यह अभियान सुबह 6:30 बजे आरंभ हुआ। इसमें 150 छात्राएं और 10 प्राध्यापक सम्मिलित हुए।
5. एनएसएस विभाग की ओर से कॉलेज कैंपस में ही 15 सितंबर से 2 अक्टूबर 2022 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। एनएसएस के सभी वालंटियर्ज़ ने इस पखवाड़े में भाग लिया।
6. 31 अक्टूबर 2022 को एनएसएस ने एनसीसी, फिजिकल एजुकेशन और स्टूडेंट वेलफेयर विभाग के साथ मिलकर 'नेशनल यूनिटी डे' मनाया। इसमें कॉलेज कैंपस से लेकर दोआबा चौक जालंधर तक 'एकता यात्रा' निकाली गई। इसमें दो सौ छात्राओं और 20 प्राध्यापकों ने हिस्सा लिया।
7. 10 नवंबर 2022 को एनएसएस विभाग ने पॉलिटिकल साइंस विभाग के साथ मिलकर 'स्वीप' के अंतर्गत 'वोटर रजिस्ट्रेशन ड्राइव' आरंभ की। इसमें 10 छात्राओं और 3 प्राध्यापकों ने हिस्सा लिया।
8. 11–12 नवंबर 2022 को स्थानीय 'रेड क्रॉस भवन' में सुबह 9:00 बजे एनएसएस के द्वारा राष्ट्रीय स्तर का 'इंटर कम्पीटीशन फॉर ब्लाइंड पीपल' आयोजित किया गया। इसमें 10 छात्राओं और 2 प्राध्यापकों ने भाग लिया।
9. 12 जनवरी से 18 जनवरी 2023 तक एनएसएस की ओर से एक सप्ताह का एनएसएस कैंप लगाया गया जिसमें एनएसएस के सभी वॉलिंटियर्स और 7 प्राध्यापक शामिल थे। यह एनएसएस कैंप कॉलेज कैंपस के साथ साथ स्थानीय गांधी वनिता आश्रम में भी लगाया गया।

गांधीयन स्टडीज सेंटर (Gandhian Studies Center)

कॉलेज का यह केंद्र अपने अथक परिश्रम से समयानुकूल उन लड़कियों और महिलाओं को शिक्षित कर रहा है जो या तो अनपढ़ हैं या कम पढ़ी लिखी हैं या आत्मनिर्भर होना चाहती हैं। प्रतिवर्ष यह केंद्र अनेक महिलाओं को रोज़गार के अनुकूल बनाता है और इनकी सोच को परिवर्तित कर इन्हें अपने पाँव पर खड़ा होने की प्रेरणा देता है। समाज की सहायता भी करना इस केंद्र का उद्देश्य है। इस केंद्र की इस वर्ष की गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है :

1. 21 अप्रैल 2022 को इस केंद्र की ओर से Govt Senior Secondary School, Hazara में एक क्विज प्रोग्राम किया गया। 12 वीं की छात्राओं के साथ भविष्य में उनकी पढ़ाई की योजनाओं के बारे भी बात की गयी।
2. 2.10.2022 को इस केंद्र द्वारा 'गांधी जयंती' का आयोजन किया गया। प्राचार्या महोदया ने ज्योति प्रज्वलित कर गांधी जी की प्रतिमा के आगे पुष्प अर्पित किये। सभी प्राध्यापकों और छात्राओं ने मिलकर गांधी जी के प्रिय भजनों का गायन किया। इस राष्ट्रभक्त संस्था में 2007 में यह केंद्र स्थापित किया गया। प्राचार्या की ने छात्राओं गांधी जी के पदचिह्नों पर चलने के लिए प्रेरित किया।
3. कन्या महाविद्यालय अपने सामाजिक कर्तव्यों को निभाने मे भी अग्रणी भूमिका निभाता है। कॉलेज के गेट के साथ ही एक Empathy Corner खुला है जिसमें रखे सामान में से कोई भी ज़रूरतमंद आकर अपने या अपने परिवार के सदस्यों के लिए ज़रूरत का सामान ले जा सकता है। इसमें खिलौने, जूते, कपडे, बर्तन आदि रखे है। इस तरह से छात्राओं को भी समाज के प्रति उनके कर्तव्यों की जानकारी दी जाती है।
4. 3 फरवरी 2023 को इस केंद्र की ओर से प्राध्यापकों और छात्राओं को Mother Teresa Home ले जाया गया। इस दिन वहां के बच्चों के साथ उन्होंने बहुत-सा समय खेल कर बिताया और उन्हें उत्साहित किया।
5. इस केंद्र की ओर से आस पास के गांवों-रेरु, रंधावा मसंदां, ब्यास, और हज़ारा की 52 लड़कियों को बेसिक कंप्यूटर्स और कॉस्मेटोलॉजी की शिक्षा प्रदान की गयी।
6. इस केंद्र की निदेशक डॉ. मोनिका ने अपने सहयोगी प्राध्यापकों के साथ चैरिटेबल स्कूलों का दौरा किया और साक्षरता अभियान चलाया।

Scanned with OKEN Scanner

7. गांधीयन स्टडीज सेंटर और इतिहास् विभाग की ओर से ट्रांसपोर्ट नगर में स्थित चैरिटेबल स्कूल में 40 डेस्क प्रदान किये। इस अभियान में 2 प्राध्यापक और 13 छात्राएं शामिल थीं।

8. इस केंद्र की ओर से पठानकोट बाईपास के पसार साथ लगते निम्न क्षेत्रों मे बच्चों में खाने-पीने का सामान बांटा गया।

विमेन स्टडीज़ सेंटर (Women Studies Center)

कन्या महाविद्यालय एक ऐसी संस्था है जहां छात्राओं को सुयोग्य एवं आत्मनिर्भर बनाया जाता है इस संस्था में एक 'विमेन स्टडीज़ सेंटर' भी है जहां छात्राओं को इतना योग्य बना दिया जाता है कि वह किसी भी विपरीत स्थिति में आत्मरक्षा कर सकती हैं। उन्हें यह भी समझाया जाता है की स्त्री को कैसे सशक्त किया जाए।

इस पावनी संस्था में इस सत्र में 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' आयोजित किया गया ।इस अवसर पर के एम वी मैनेजिंग कमेटी की वाइस प्रेसिडेंट डॉ. सुषमा चावला, के एम वी मैनेजिंग कमेटी की वरिष्ठ सदस्या श्रीमती नीरजा चंद्रमोहन, डॉ. कमल गुप्ता, और श्रीमती अनुराधा सोंधी ने विशेष रूप से शिरकत की। इस अवसर पर प्रिंसिपल प्रो अतिमा शर्मा द्विवेदी ने सभी को 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' की बधाई देते हुए कहा थी कि विश्व स्तर पर स्त्री की भूमिका उच्चस्तरीय रही है। उन्होंने समाज को आगे बढ़ाने में पूरी मेहनत और प्रतिबद्धता के साथ अपना काम किया है। उन्होंने कन्या महाविद्यालय की भूमिका को भी स्पष्ट करते हुए कहा कि इस संस्था ने भी नारी को सशक्त करने के लिए बहुत प्रयास किए हैं। इसका उदाहरण कन्या महाविद्यालय अपने आप में एक है। इस समारोह में डॉ. सुषमा चावला को नारी को आत्मनिर्भर, स्वस्थ और सकारात्मक बनाने के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. कमल गुप्ता को भी विज्ञान के क्षेत्र में विशेष रूप से औरत के स्वास्थ्य के क्षेत्र में योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया। श्रीमती नीरजा चंद्रमोहन को 'समाज की भलाई के लिए काम करने के लिए' अलंकृत किया गया। श्रीमती अनुराधा सोंधी को भारतीय संस्कृति और कला को अग्रसर करने के लिए सम्मानित किया गया। संस्था की प्राचार्या प्रो अतिमा शर्मा द्विवेदी इस संस्था की छात्रा रही हैं और 'शिक्षा के क्षेत्र में उनके नवीनतम योगदान' के लिए उनका सम्मान किया गया। उन प्राध्यापकों और छात्राओं को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने उद्योग, फैशन डिजाइनिंग, मीडिया, रिसर्च, भाषा के क्षेत्र में विशेष अवदान दिया। प्राचार्या जी ने इस श्रेष्ठ आयोजन के लिए श्रीमती अमरप्रीत खुराना और डॉ. गुरजोत के प्रति विशेष आभार प्रकट किया।

कन्या महाविद्यालय में 'जेंडर सेन्सीटाइजेशन' प्रोग्राम का आयोजन 27 अक्टूबर 2022 को किया गया। केएमवी पहली ऐसी संस्था है जिसमें तीसरे सेमेस्टर की छात्राओं के लिए यह अनिवार्य वैल्यू ऐडेड प्रोग्राम का पाठ्यक्रम बनाया गया है। इसमें संस्था ने लिंग भेद की समस्या को समाप्त करने का बीड़ा उठाया है और हर व्यक्ति की भूमिका और उत्तरदायित्व पर विशेष रूप से बल दिया गया है। इस कार्यक्रम के तीन मॉड्यूलज़ हैं। पहले मॉड्यूल में 'जेंडर इश्यूज़' विषय पर अनेक अनुभवी प्राध्यापकों के द्वारा वक्तव्य दिए जाते हैं। इसमें बहुत ही अनुभवी डॉ. और एडवोकेट्स को भी आमंत्रित किया जाता है। अगला मॉड्यूल जोकि बहुत महत्वपूर्ण है- वह ओपन हाउस का सेशन है जिसमें हमारी दूरदर्शी प्राचार्या महोदया डॉ. अतिमा शर्मा छात्राओं को एक मंच प्रदान करती हैं जिसमें वे अपने विचार, अपनी सोच और अपने अनुभव साँझा कर सकती हैं। सेल्फ डिफेंस की 10 दिन की एक वर्कशॉप भी लगाई जाती है ताकि छात्राएं प्रतिकूल परिस्थितियों में लड़ सकें और आत्म रक्षा कर सकें। प्राचार्या जी ने छात्राओं को जागरूक भी किया और प्रेरणा भी दी कि 'लिंग भेद' की कोई भी समस्या हमारे सामने खड़ी न हो। उन्होंने कहा कि आदमी और औरत दोनों को बराबर के अवसर प्रदान करने चाहिएं और दहेज ,शारीरिक और मानसिक उत्पीडन,अहिंसा जैसी परिस्थितियों पर काबू पाना जरूरी है।

विमेन स्टडीज सेंटर की कोऑर्डिनेटर 'श्रीमती अमर प्रीत खुराना' ने 'जेंडर डाइमेंशंस' इकोनॉमिक्स पार्टिसिपेशन एंड वेज गैप' मुद्दे को उठाया और अलग-अलग क्षेत्रों में औरतों की प्रतिभागिता के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि कुछ दशकों से औरतों ने साक्षरता में थोड़ी बहुत बढ़त प्राप्त की है लेकिन ज्यादातर औरतें आर्थिक तौर पर या तो स्वतंत्र नहीं है या फिर उनका आर्थिक स्तर मजबूत नहीं है। उन्होंने छात्राओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने के लिए प्रेरित किया।

डिस्ट्रिक्ट और हाईकोर्ट की एडवोकेट सुश्री आभा नागर ने औरत के कानूनी अधिकारों (लीगल राइट्स) के बारे में चर्चा की। उन्होंने यह भी बताया कि लड़कियां किस प्रकार पुरुष की तरह सभी क्षेत्रों में बराबरी का अधिकार प्राप्त कर सकती हैं। उन्होंने छात्राओं को अपने संवैधानिक अधिकारों और संविधान के अनुसार, 'औरत और मर्द में कोई फर्क नहीं है', की बात को विस्तार से समझाया।

डॉ. आशिमा साहनी (पॉलिटिकल साइंस विभाग की अध्यक्ष) ने 'जेंडर एंड पॉलीटिकल पार्टिसिपेशन' पर अपना संभाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने समाज के छोटे और कमजोर वर्ग की भी महिलाओं (जिन्हें केवल घर के कामों के लिए ही बनाया गया समझा जाता है) को बताया कि वे भी राजनीति में पुरुषों की तरह ही भाग ले सकती हैं। अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष, डॉ. मधुमीत ने 'कल्चरल रोल्स एंड जेंडर सेंसटिविटी' विषय पर अपना वक्तव्य दिया उन्होंने कहा कि आज नारीत्व को मनाने का समय है। औरत को अधिकार के साथ-साथ सम्मान भी मिलना चाहिए।

Scanned with OKEN Scanner

उन्होंने अपने निजी अनुभवों से औरत और मर्द दोनों की भूमिकाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा औरत और मर्द दोनों पर उत्तरदायित्व और अधिकार बराबर बाँटे जाने चाहिए।

सुजाता जोशी जो कि एक मार्शल आर्ट ट्रेनर है, उन्होंने छात्राओं को 'सेल्फ डिफेंस' की विभिन्न प्रकार से तकनीकी शिक्षा दी। उन्होंने बताया कि अपनी टांगे, पैर और शरीर के बाकी हिस्सों को किस प्रकार आत्मरक्षा के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इस ट्रेनिंग से और इस तकनीक से महिलाओं को और भी अधिक सशक्त बनाया जा सकता है।

सामाजिक प्रकार्य कार्यक्रम (Social Outreach Programme)

गांधीयन स्टडीज सेंटर ने और इतिहास विभाग ने कॉलेज गेट के बाहर एक Empathy Corner बनाया है । इस माध्यम से निर्धन लोगों की सहायता की जाती है जो आर्थिक रूप से असंपन्न है और अपने जीवन की जरूरतों को बड़ी मुश्किल से पूरी कर पाते हैं। 'एंपैथी कॉर्नर' छात्राओं को भी अपने कर्तव्य और उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक करता है। इस केंद्र की निदेशक डॉ. मोनिका शर्मा हैं और वे लगातार इस केंद्र को बड़ी कुशलता से चला रही हैं।

1. 19.11.2022 को एंपैथी कॉर्नर के माध्यम से अनेक जरूरतमंद लोगों को कपड़े, जूते, बर्तन आदि बांटे गए।
2. 23.2.2023 को रिटेल मैनेजमेंट विभाग की ओर से 'इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप आउटरीच प्रोग्राम इन स्कूल एंड कम्युनिटी' कार्यक्रम किया गया, जिसमें 50 छात्राओं ने भाग लिया।
3. 10.4.2023 को रिटेल मैनेजमेंट की प्राध्यापिकओं और छात्राओं ने कॉलेज के एम्पथी कॉर्नर के लिए सामान प्रदान किया।
4. 28.12.2021 से लेकर सितंबर 2022 तक कन्या महाविद्यालय के 'गांधीयन स्टडीज सेंटर' द्वारा अनेक छात्राओं को 3 महीने की 'कॉस्मेटोलॉजी' और 'बेसिक कंप्यूटर' की नि:शुल्क शिक्षा दी गई। वर्षों से यह केंद्र छात्राओं और कॉलेज के बाहर की लड़कियों की सहायता करता आ रहा है। विद्यालय प्राचार्या प्रो. डॉ.. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने छात्राओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरणा दी। 'गांधीयन स्टडीज़ सेंटर' कन्या महाविद्यालय की ओर से साक्षरता अभियान चलाया गया। इसमें 'बनारसी दास स्कूल ट्रांसपोर्ट नगर जालंधर' के विद्यार्थियों को पढ़ाई के प्रति जागरूक किया गया और जीवन में ज्ञान के लिए प्रेरित किया गया।
5. 'गांधीयन स्टडीज़ सेंटर' द्वारा 2.2. 2023 को ट्रांसपोर्ट नगर जालंधर के एक चैरिटेबल स्कूल को 40 डेस्क और स्टेशनरी का कुछ सामान प्रदान किया गया ताकि बच्चों की पढ़ाई में व सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी ना रहे।
6. 3.2.2023 को 'गांधीयन स्टडीज सेंटर' की ओर से और 'इतिहास विभाग ओर से' 'बनारसी दास चैरिटेबल स्कूल' में दौरा किया गया। उन्हें कपड़े व उनके दैनिक जीवन में काम आने वाली चीजों को बांटा गया। इस एक्टिविटी में दो प्राध्यापक और 13 छात्राएं शामिल थे।
7. 2.4.23 को मज़दूरों के बच्चों में बहुत- सा सामान 'गांधीयन स्टडीज़ सेंटर' की ओर से बांटा गया ताकि उनके जरूरतें पूरी हो सकें।
8. 17.2.2023 को 'गांधीयन स्टडीज सेंटर' की ओर से पिंगला घर, बाबा स्वरूप सीनियर सिटिजन होम तथा अपाहिज आश्रम छात्राओं को ले जाया गया। वहां इस सेंटर के द्वारा अनेक लोगों की यथावत सहायता की गई।
9. 24.2.2023 को 'गांधीयन स्टडीज सेंटर' के द्वारा 'श्रमदान' नामक एक कार्य शुरू किया गया, जिसमें छात्राओं ने व नगर निगम के सफाई सैनिकों ने कन्या महाविद्यालय के बाहर की सड़क साफ की। नगर निगम के स्टाफ ने भी दोआबा चौक के निकट कूड़ा करकट समेटा। 11 सफाई सैनिकों को नगर निगम की ओर से सम्मानित किया गया। उन्हें सर्वोत्तम स्वच्छताग्राही के बैजेस लगाकर उसका प्रचार भी किया गया। कॉलेज के वे विद्यार्थी भी जो सामाजिक कार्यों के लिए आगे आ रहे थे, उन्हें भी सीबीसी ने सम्मानित किया। इस अवसर पर सफाई पर एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया।
10. 3.2.2023 को 'गांधीयन स्टडीज़ सेंटर' और 'इतिहास विभाग' की ओर से 15 छात्राओं और 2 प्राध्यापकों को 'मदर टेरेसा होम' ले जाया गया। छात्राओं ने वहां बच्चों के साथ खेल खेले और उन्हें प्रेरणा भी दी।
11. 28.2.2023 को 'फूड एडल्टरेशन कैंप' लगाया गया जिसमें बीएससी बायो टेक्नोलॉजी विभाग ने बोटैनिकल गार्डन और जिम्नेज़ियम का दौरा किया। छात्राओं ने भोजन के अनेक सैंपल जैसे दूध, मक्खन, मसाले, ऑर्गेनिक शहद इत्यादि एकत्र किए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार एक वृद्ध व्यक्ति को आहार में ये उत्पाद फायदा या नुक्सान पहुंचाते हैं, यह समस्त नॉन टीचिंग स्टाफ और उनके परिवार को समझाया गया। इनका मुख्य उद्देश्य भोजन की सुरक्षा था। उन्होंने उन्हें यह भी समझाया कि इस प्रकार के भोजन को कैसे ठीक रखा जा सकता है।

Scanned with OKEN Scanner

12. 9.3.2023 को रिटेल मैनेजमेंट के विद्यार्थियों को 'अपाहिज आश्रम' ले जाया गया जहां उन्होंने कुछ कपड़े, फल, खाने की चीजें और नकद रूपए दिए। उन्होंने लोगों को काम करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि वे किस प्रकार अपना उद्योग शुरू करके कमा सकते हैं।
13. 10.3.2023 को केंद्र की ओर से 'प्रयास' जो मानसिक रूप से विकृत बच्चों के स्कूल है, में छात्राओं को ले जाया गया। इस सामाजिक प्रकार्य का प्रमुख उद्देश्य छात्राओं को यह दिखाना था कि विकृत बच्चे किस प्रकार की मानसिक कठिनाइयों से जूझते हैं।
14. 6.3.2023 को 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' पर बीएससी ऑनर्स, मैथमेटिक्स, सेमेस्टर 4 की छात्राओं ने 'नारी शक्ति' विषय पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।
15. इतिहास विभाग और सोशल आउटरीच विभाग की ओर से 2 फरवरी 2023 को बनारसी दास चैरिटेबल स्कूल में एक लिटरेसी कैंप लगाया गया जिसमें विद्यार्थियों को डेस्क दान किए गए।
16. सोशल आउटरीच एक्टिविटी के अंतर्गत 11 फरवरी 2023 को मकसूदां के निकट स्लम एरिया में सोशियोलॉजी और सोशल आउटरीच विभाग की ओर से विद्यार्थियों में खाने-पीने का सामान बांटा गया।
17. 12.4.2023 से 13.4.2023 तक बी.वॉक एम.एस.सी विभाग की ओर से एम्पैथी कार्नर में अपनी छात्राओं को सहायतार्थ भेजा गया।

इस प्रकार के सत्कार्य व ऐसी पहल हमारे युवा वर्ग में दूसरों के लिए सहायता का भाव पैदा करते हैं।

शोध पत्रिका प्रकाशन (Research Journal Published)

1. संस्था के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग की ओर से इस सत्र में 'उन्मीलन (शोध और सृजन)' शोध पत्रिका के 16 अंक (वर्ष 2022) का प्रकाशन हुआ और इसका दीक्षान्त समारोह में विमोचन किया गया।
2. इस सत्र में क्रीड़ा विभाग की 'स्पोर्ट्स न्यूजलाइन' का प्रकाशन हुआ।

पुस्तक प्रकाशन (Books Published)

1. हिंदी विभाग से डॉ. विनोद कालरा द्वारा वर्ष 2022 में 'अनुभव के आलोक में' पुस्तक प्रकाशित हुई।
2. हिंदी विभाग से डॉ. लवलीन कौर की 'आधुनिक हिंदी कविता : विविध आयाम' नामक सम्पादित पुस्तक 2022 में प्रकाशित हुई।

शोध पत्र प्रकाशन (Research Papers Published)

1. कन्या महाविद्यालय के लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि इस वर्ष 27 प्राध्यापकों के भिन्न भिन्न स्थापित, पीयर रिव्यूड, रेफ्रीड एवं यू.जी.सी केयर लिस्टिड शोध जर्नल्स में 42 शोध पत्र प्रकाशित हुए। इनके शोधपत्रों को अत्यंत सराहना प्राप्त हुई।

शोधपत्र प्रस्तुतीकरण (Research Papers presented)

कॉलेज के सभी प्राध्यापक शोध के किसी न किसी क्षेत्र में भिन्न-भिन्न कार्य कर रहे हैं। विभिन्न महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय / अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में अनेक प्राध्यापकों ने शोधापत्र प्रस्तुत किए। इस सत्र में 26 प्राध्यापकों ने 34 शोध पत्र प्रस्तुत किये।

पेटेंट फाइलड (Patent filed) : कॉलेज के 10 प्राध्यापकों ने 10 पेटेंट फाइल किए।

हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (MoU Signed)

1. हिंदी विभाग की ओर से इस वर्ष भी 'त्रिवेणी साहित्य अकादेमी, जालंधर के साथ समझौता ज्ञापन साइन किया गया।
2. हिंदी विभाग की ओर से इस वर्ष भी नव उन्नयन साहित्यिक सोसाइटी (रजिस्टर्ड), नई दिल्ली के साथ समझौता ज्ञापन साइन किया गया।
3. हिंदी विभाग की ओर से इस वर्ष भी भारतीय अनुवाद परिषद, नई दिल्ली के साथ समझौता ज्ञापन साइन किया गया।
4. हिंदी विभाग की ओर से इस वर्ष भी डिपार्टमैंट ऑफ इंटरडिस्प्लेनरी स्टडीज़ के साथ समझौता ज्ञापन साइन किया गया।
5. संस्कृत विभाग की ओर से स्कूल ऑफ संस्कृत एंड इंडिक स्टडीज़, जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी, नयी दिल्ली के साथ समझौता ज्ञापन साइन किया गया।
6. संस्कृत विभाग की ओर से विश्वेश्वरानंद विश्वबंधु संस्कृत भारत भारती अनुशीलन संस्थान, होशियारपुर, पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ के साथ समझौता ज्ञापन साइन किया गया।

Scanned with OKEN Scanner

7. रिटेल मैनेजमेंट विभाग की ओर से

- डिजिटल अड्डा
- कैपसंस
- मेट्रो इन्वेस्टमेंट
- शॉपर्स स्टॉप
- राम को इंटरनेशनल्स
- शिवा ट्रैवल प्राइवेट लिमिटेड
- ग्रूमर मार्केटिंग
- तनिष्क (ए टाटा प्रोडक्ट)
- पैंटालून्स
- आईट्रॉनिक्स सॉल्यूशन्स
- यूनिट ऑफ मांधी राम एंड संस

के साथ से 'एमओ यू' साइन किया गया।

अभिभावक-प्राध्यापक बैठक (Parents-Teachers Meet)

1. 19.11.2022 को बी वॉक मैनेजमेंट एंड सेक्रेटेरियल प्रैक्टिसेस की ओर से छात्रा- अभिभावक बैठक कराई गई।
2. 8 अप्रैल 2023 को स्नातक स्तर की सभी छात्राओं के अभिभावकों की एक मीटिंग आयोजित की गयी। इसमें अनेक माता पिता ने अपने अपने बच्चों की रिपोर्ट प्राप्त की।
3. 21 नवंबर 2022 को फैशन डिज़ाइनिंग विभाग की ओर से अभिभावक-प्राध्यापक मीटिंग कराई गई, जिसमें छात्राओं के अभिभावकों को उनकी अकादमिक प्रस्तुति की जानकारी दी गई। 110 छात्राओं के माता- पिता इस मीटिंग में पधारे।
4. 14.11.2022 को बी.वॉक एम.एस.पी विभाग के छात्राओं के अभिभावकों से बात की और उनकी सम्स्याओं का समाधान किया।
5. 8.4.2023 को बी.वॉक एम.एस.पी विभाग की ओर से अभिभावक-प्राध्यापक बैठक सम्पन्न की गई। इस विभाग ने अभिभावकों को उनके बच्चों की अकादमिक रिपोर्ट और फीडबैक फार्म भरवाए।

पीएच डी निर्देशन

गणित विभाग की प्राध्यापिका डॉ. नताशा शर्मा 'लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, फगवाड़ा' की श्वेता महाजन का पीएचडी का निर्देशन 2021 से कर रही हैं।

MOOCs परीक्षा में उत्तीर्ण

1. होम साइंस विभाग की प्राध्यापिका सुश्री तरनदीप कौर ने इस वर्ष 'डायट मैनेजमेंट इन हेल्थ एंड डिजीज़िज़' विषय में की MOOCs की परीक्षा पास कर ली।
2. श्रीमती आनंद प्रभा ने 18 जून से 11 सितंबर 2022 तक 'टीचर लर्निंग सेंटर, रामानुजन कॉलेज, यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली से (वैदिक मैथ मास्टरी STCRC MOOCS) विषय में moocs प्रोग्राम लगाया।

के एम वी द्वारा पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाई गई अंबेडकर जयंती

भारत की विरासत और स्वायत्त में संस्था कन्या महाविद्यालय जालंधर के द्वारा पूरे जोश और उत्साह के साथ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की 131 वी जयंती मनाई गई। विद्यार्थियों में डॉ. अंबेडकर की सामाजिक समानता की विचारधारा के प्रचार एवं प्रसार के मकसद के साथ इस अवसर पर विद्यालय के स्टूडेंट वेलफेयर विभाग, पोस्ट ग्रेजुएट डिपार्टमेंट ऑफ इंग्लिश एवं पोस्टग्रेजुएट डिपार्टमेंट ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित हुए विशेष प्रोग्राम के दौरान विभिन्न गतिविधियों जैसे -सेमिनार, क्विज प्रतियोगिता और डिक्लेमेशन का आयोजन करवाया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित विद्यालय प्रिंसिपल डॉ. अतिमा शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर के जीवन एवं दर्शन से प्रेरणा ली जा सकती है। डॉ. अंबेडकर के जीवन के सफर के बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया कि एवं उत्पीड़न के बावजूद उन्होंने प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल की, वहीं साथ ही विश्व भर में अपने ज्ञान और सूझ बूझ का लोहा मनवाते हुए भारतीय संविधान में अपना बहुमूल्य योगदान डाला। छात्राओं द्वारा इन गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लिया गया। छात्राएं आरजू, अगम, युक्ता,तान्या आँचल आदि के द्वारा डॉ. बी आर अंबेडकर के जीवन के विभिन्न पहलुओं के संबंध में विचार सांझा करने के साथ-साथ उन्हें एक समाज सुधारक, लोकतंत्रवादी, अर्थशास्त्री, संविधान निर्माता, बुद्धिजीवी एवं दबे कुचले लोगों की प्रभावशाली आवाज के रूप में प्रस्तुत किया गया। प्राचार्या जी ने इस प्रोग्राम के सफल आयोजन के लिए समूह अध्यापकों के द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा की और छात्राओं को डॉ. अंबेडकर के द्वारा सामाजिक एवं राजनीतिक विचारों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

Scanned with OKEN Scanner

के एम वी के द्वारा छात्राओं को बांटी गई स्किलहब टी शर्ट्स

भारत की विरासत और स्वायत्त संस्था कन्या महाविद्यालय, जालंधर अपनी छात्राओं को वैश्विक स्तर का नागरिक बनाने और उनके कौशल का विकास करने के लिए 21वीं सदी की जरूरतों के अनुसार शिक्षा प्रदान करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। भारत सरकार के एनएसडीसी के द्वारा शानदार प्रयत्न के अंतर्गत हाशियागत श्रेणी के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने की शानदार प्रयत्न किए जा रहे हैं और कन्या महाविद्यालय द्वारा भी इस दिशा में बेमिसाल काम करते हुए **सेल्फ एंप्लॉयड टेलर** एवं **असिस्टेंट ब्यूटी थैरेपिस्ट** जैसे दो शॉर्ट टर्म कोर्स सफलतापूर्वक चलाए जा रहे हैं। इन शॉर्ट टर्म कोर्स में 160 छात्राओं ने शिक्षा प्राप्त की और कौशल विकास के लिए इन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विद्यालय प्राचार्या प्रो अतिमा शर्मा द्विवेदी के द्वारा स्किलहब टी-शर्ट बांटी गई। इसके साथ ही इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा समय में व्यावसायिक एवं हुनर पर हुनर को विकसित करती हुई शिक्षा छात्राओं को प्रदान करना समय की जरूरत है ताकि वे अपने संबंधित क्षेत्र में शानदार प्राप्तियां हासिल करते हुए अपना नाम बना सकें। इसके साथ ही उन्होंने इस प्रयास के लिए डॉ. गोपी शर्मा, डायरेक्टर कौशल केंद्र एवं समूह प्राध्यापकों के द्वारा किए गए प्रयासों की भी प्रशंसा की।

छात्रावास में हवन का आयोजन

केएमवी जालंधर के छात्रावास में पवित्र हवन का आयोजन करवाया गया।छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य एवं अच्छे स्वास्थ्य की शुभ आशीष देने के साथ-साथ सभी के कल्याण की कामना के लिए आयोजित हुए इस हवन में विद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने फैकल्टी सदस्यों तथा हॉस्टल स्टाफ के साथ समूह छात्राओं ने हवन में आहुतियां डाली और संपूर्ण विश्व के भले की कामना की। पवित्र मंत्रों के उच्चारण के साथ के एम वी के गूंज उठे खूबसूरत हॉस्टल का नजारा देखते ही बनता था। प्राचार्या जी ने प्राध्यापकों एवं छात्राओं के सफल भविष्य के लिए प्रार्थना की और कहा कि वसंत ऋतु में आयोजित हुआ यह हवन हमेशा ही हर्ष उल्लास तथा परस्पर प्रेम प्यार का आधार बने। इसके साथ ही उन्होंने अपने संबोधन में छात्राओं को जीवन में निरंतर आगे बढ़ते रहने और अपनी मेहनत और लगन के साथ कामयाबी हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

संस्कृत संभाषण केंद्र का उद्घाटन

कन्या महाविद्यालय में अनौपचारिक संस्कृत संभाषण केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर डॉ. सुषमा चोपड़ा, सेक्रेटरी, केएमवी मैनेजिंग कमेटी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुईं। साथ ही श्री ध्रुव मित्तल (कोषाध्यक्ष) ने विशेष मेहमान के रूप में शिरकत की। इसके अतिरिक्त भगवती प्रसाद देवराड़ी अनौपचारिक संस्कृत प्राध्यापक एवं श्री सर्वेश चड्ढा तथा रीता उपाध्याय भी मौजूद रहे। कन्या महाविद्यालय और सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी नई दिल्ली के संयुक्त प्रयास के परिणाम स्वरूप विद्यालय में शुरू हो रहे इस केंद्र के उद्घाटन समारोह में आए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रिंसिपल प्रो अतिमा शर्मा ने संस्कृत भाषा को न केवल विभिन्न भारतीय बल्कि विदेशी भाषाओं का भी मजबूत आधार बताया उन्होंने संस्कृत भाषा के महत्व को बयान करते हुए भारतीय संस्कृति की धरोहर वेदों एवं उपनिषदों में दर्शाई गई मानवीय जीवन जाच पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यालय के द्वारा संस्कृत भाषा में सर्टिफिकेट कोर्स के बारे में आप विभाग से जानकारी ले सकते हैं। इस कोर्स में विद्यालय की छात्राओं के साथ-साथ कैंपस के बाहर से भी इच्छुक विद्यार्थी शिक्षा हासिल कर सकते हैं। डॉ. सुषमा चोपड़ा ने इस अवसर पर कहा कि संस्कृत भाषा का ज्ञान प्राप्त करने का सीधा अर्थ है-अपने वजूद तथा संस्कृति के साथ जुड़ना। उन्होंने छात्राओं को भी संबोधित किया और इस भाषा का ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया श्री ध्रुव मित्तल ने संस्कृत को मनुष्य के मन की भावनाओं एवं जज्बातों को सरल ढंग से प्रकट करने वाली भाषा कहा है। इसके उपरांत श्री भगवती प्रसाद देवराड़ी ने संस्कृत भाषा की अहमियत और इसके झलकते प्यार के बारे में बात करते हुए विद्यालय के द्वारा संस्कृत भाषा में सर्टिफिकेट कोर्स के की रूपरेखा को भी साँझा किया।

गणतंत्र दिवस समारोह (Republic Day Celebrations)

कन्या महाविद्यालय,जालंधर के स्टूडेंट वेलफेयर विभाग, पोस्ट ग्रेजुएट डिपार्टमेंट ऑफ इंग्लिश, पोस्टग्रेजुएट डिपार्टमेंट ऑफ कॉस्मेटोलॉजी व इतिहास विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से गणतंत्र दिवस पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित पोस्टर मेकिंग व फेस पेंटिंग जैसी गतिविधियों में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और उन्होंने भारत देश की महिमा गाकर अनेकता में एकता को प्रस्तुत किया। साथ ही भारतीय संविधान के द्वारा प्रत्येक नागरिक के जीवन को सुरक्षा प्रदान करने के लिए, समानता, शिक्षा, न्याय, अपने विचारों को प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता जैसे अधिकारों के महत्व को बताते हुए भारत जैसे देश में लोकतंत्र की अहमियत को भी दर्शाया गया। विद्यालय प्राचार्या ने इस अवसर पर छात्राओं को शुभकामनाओं के साथ मौलिक अधिकारों की जानकारी दी और अपने कर्तव्यों के पालन के बारे में जागरूक किया।

Scanned with OKEN Scanner

परीक्षा विभाग की रिपोर्ट (Report of Examination centre)

संस्था का एग्जामिनेशन विभाग बहुत ही परिश्रम और लगन से कॉलेज का परीक्षा कार्य कर रहा है। कॉलेज में यह विभाग बड़ी मुस्तैदी से अपना कार्य कर रहा है। परीक्षा की डेट शीट से लेकर परीक्षा लेने तक और फिर समय पर परिणाम घोषित करने तक का सफर बहुत चुनौतियों से भरा होता है। यह कार्य निरंतर और बिना रुके चलता है।सत्र 2022-23 में उन्होंने 133 प्रोग्राम्स के परिणाम घोषित किये।

19 अप्रैल 2023 को परीक्षा समिति, आइक्यूएसी, विभागाध्यक्ष और प्रभारियों (Deans)की उपस्थिति में एक मीटिंग संपन्न हुई। जिसमें सी ई ओ ने सत्र 2018-19 से सत्र 2022-23 की विषम सेमेस्टर की परीक्षा के कुल 133 प्रोग्राम्स की रिपोर्ट प्रस्तुत की।कुल 133 प्रोग्राम्स की गत वर्षों की रिपोर्ट्स के साथ तुलना की गयी।

सी ई ओ की ओर से सत्र 2022 -23 के 133 भिन्न-भिन्न प्रोग्रामों (विषम सेमेस्टर 1,3,5,7) के परिणाम घोषित किये गये। 58 प्रोग्रामों का परिणाम 100% रहा और 56 प्रोग्रामों का परिणाम 75% से 99% के बीच रहा। कुल 643 अर्थात 33% छात्राओं ने डिस्टिंक्शन प्राप्त की और 1319 अर्थात 68% छात्राएं प्रथम डिवीज़न में पास हुई।

आभार :

वार्षिक रिपोर्ट की गतिविधियों का वृत्तांत देने के उपरान्त मैं सभी विशेष सदस्यों आदरणीय श्री चन्द्रमोहन जी, डॉ. श्रीमती सुषमा चावला जी, श्री आलोक सोंधी जी, डॉ. श्रीमती सुषमा चोपड़ा, श्री ध्रुव मित्तल जी व अन्य सभी माननीय सदस्य-वृन्द के प्रति आभार व्यक्त करती हूँ जिन के मार्गदर्शन में हम सभी अपनी संस्था को और आगे ले जा सके हैं। प्रतिवर्ष कन्या महाविद्यालय उन्नति के नए शिखर छू रहा है और मुझे सम्पूर्ण विश्वास है कि आपके कुशल निर्देशन, मार्गदर्शन व अमूल्य सुझावों से यह संस्था प्रगति की ऊँचाइयों तक पहुँचेगी।

पुनः कोटिशः आभार,
प्रो. (डॉ.) अतिमा शर्मा द्विवेदी
प्राचार्या

दिनांक : 21.5.2023

Scanned with OKEN Scanner